# नेशनल प्रेस टाइम्स


नेशनल प्रेस टाइम्स NPT नेशनल दैनिक हिंदी न्यूज़ पेपर

नई दिल्ली, बुधवार
30 अप्रैल 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) | वर्ष : 11, अंक : 61 | www.nationalpresstimes.com | पृष्ठ : 10 | मूल्य : 05 रुपया | RNI No : UPHIN/2015/64579







# प्रधानमंत्री की सेना को खुली छूट

## कहा- जवाब कब व कैसे देना है, यह तय करने के लिए आप स्वतंत्र



नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी मले के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने आज शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमता पर भरोसा जताया और कहा कि उन्हें कार्रवाई के तरीके, लक्ष्य और समय तय करने की पूरी छूट दी गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान भी इस बैठक का हिस्सा थे। बैठक करीब डेढ़ घंटे तक चली। यह बैठक उस समय हुई है, जब दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत जवाबी कार्रवाई के विकल्पों पर विचार कर रहा है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे।

**पीएम मोदी ने क्या कहा-** सरकारी सूत्रों के अनुसार, बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद पर करारी चोट करना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। पीएम मोदी ने सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं पर पूरा विश्वास और भरोसा जताया। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा, उन्हें (सशस्त्र बलों को) हमारी प्रतिक्रिया के तरीके, लक्ष्य और समय तय करने की पूरी स्वतंत्रता है।

पीएम मोदी ने वादा किया है कि इस हमले के पीछे जो आतंकवादी और उनके मददगार हैं, उन्हें दुनिया के आखिरी छोर तक ढूंढ कर 'कल्पना से परे' सख्त सजा दी जाएगी। यह पाकिस्तान की ओर इशारा माना जा रहा है, जिसका भारत में आतंकवाद फैलाने का इतिहास रहा है।

शेष पेज 2 पर

# CM योगी का कांग्रेस-सपा पर हमला बोले-

## इन्होंने परिवार को ही देश माना, उनसे विकास की उम्मीद करना बेइमानी



गोरखपुर । सीएम मंगलवार को चरगांवा में बने गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का लोकार्पण कर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोग पहले कूड़े को सड़क पर फेंक देते थे या नाली में डाल देते थे। इससे गंदगी फैलती थी। बीमारियां होती थीं। पीएम मोदी ने कहा था हर एक व्यक्ति को क्वालिटी ऑफ लाइफ मिले।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 के पहले जो सरकार थी देश उसके एजेंडे में नहीं था। प्रदेश में 2017 से पहले यही हाल था। उसके एजेंडे में जनता नहीं केवल वोट बैंक था। ये वही लोग है जो सत्ता में कुछ नहीं कर पाए। जहां परिवार को देश मान लिया हो उन लोगों से उम्मीद करना ही बेइमानी होगी।

यही बेइमानी प्रदेश में सपा और देश में कांग्रेस और उसके सहयोगी दल करते थे। सीएम मंगलवार को चरगांवा में बने गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का लोकार्पण कर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोग पहले कूड़े को सड़क पर फेंक देते थे या नाली में डाल देते थे। इससे गंदगी फैलती थी। बीमारियां होती थीं। पीएम मोदी ने कहा था हर एक व्यक्ति को क्वालिटी ऑफ लाइफ मिले। अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत मिशन अभियान का प्रारंभ हुआ। 2070 तक भारत नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करेगा। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत बने इस गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का शुभारंभ हुआ है।

**पहले गोरखपुर की पहचान मच्छरों से थी**

स्वच्छता के बारे में पता लगाना है तो 2017 से पहले। जब गोरखपुर की पहचान मच्छरों से थी, गंदगी हर जगह थी। माफियाओं का राज था। आज इंसेफलाइटिस से मुक्ति मिल गई है। आज हर घर तक पानी जा रहा है, हर घर से कूड़ा एकत्रित हो रहा है। सुथनी में 500 टन प्रतिदिन वेस्ट टू चारकोल प्लांट बन रहा है।

पार्षद और अन्य लोग इस गार्बेज स्टेशन को देखें कि कैसे कूड़े को उपयोगी बनाया जा रहा है। जलभराव से मुक्ति के लिए गौड़धोइया नाला बन रहा है। जिनका मकान इसकी जद में आया मैं उनको आभार व्यक्त करता हूं। इसके बन जाने के बाद जलभराव कहीं नहीं होगा।

शेष पेज 2 पर

# 'दिशा' बैठक में भड़के राहुल गांधी, बोले- युवाओं को रोजगार मामले में बड़ा घालमेल... देखती रह गईं डीएम



रायबरेली । 'दिशा' बैठक में सांसद राहुल गांधी नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि रैंडम जांच में युवाओं को रोजगार देने के मामले में बड़ा घालमेल मिला है। डीएम को जांच कराकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी भ्रामक एवं अधूरी सूची न भेजा करें।

यूपी के रायबरेली में मंगलवार को जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक हुई। इसमें शामिल होने के लिए सांसद एवं सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी पहुंचे। बैठक के दौरान सांसद ने युवाओं को रोजगार दिलाने में घालमेल पकड़ लिया। दरअसल, डीएम हर्षिता माथुर के स्तर से सांसद को 1107 युवाओं को प्रशिक्षण दिलाकर सेवायोजित करने की सूची भेजी गई थी। लेकिन, इसमें शामिल कई लोगों ने प्रशिक्षण मिलने से ही इन्कार कर दिया।

शेष पेज 2 पर

### भारत की कार्रवाई के बाद बौखलाया पाकिस्तान

# साइबर हमले की रची साजिश भारतीय सेना ने दिया करारा जवाब

नई दिल्ली । भारत सरकार की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान की बौखलाहट साफ तौर पर नजर आ रही है। तभी तो एक बार फिर पाकिस्तान ने भारत की साइबर सुरक्षा को भेदने की नापाक कोशिश की है। हालांकि भारतीय साइबर सुरक्षा प्रणाली ने इन सभी हमलों को समय रहते पहचानकर विफल कर दिया।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ कुछ सख्त कार्रवाई की, जिसके बाद पाकिस्तान की बौखलाहट उसकी हरकतों से साफ तौर पर नजर आ रही है। इसी बीच पाकिस्तान से संचालित साइबर अपराधियों ने एक बार फिर भारत की साइबर सुरक्षा को भेदने की नाकाम कोशिश की है। हालांकि भारतीय साइबर सुरक्षा प्रणाली ने इन सभी हमलों को समय रहते पहचानकर विफल कर दिया।




सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान समर्थित आईओके हैकर समूह ने आर्मी पब्लिक स्कूल श्रीनगर व रानीखेत, आर्मी वेलफेयर हाउसिंग ऑर्गनाइजेशन और भारतीय वायु सेना के प्लेसमेंट पोर्टल को निशाना बनाया। इसके तहत उनका मकसद वेबसाइटों को नुकसान पहुंचाना, सेवाएं बाधित करना और निजी डेटा चुराने की कोशिशें शामिल थीं। बता दें कि हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान की भूमिका सामने आने के बाद अब पाकिस्तान भारत की ऑनलाइन सेवाओं को निशाना बनाने की नापाक चाल चल रहा है।

**पाकिस्तान के साइबर जालसाजों की नाकाम कोशिश - फोटो : अटक**


**पाकिस्तान की चालबाजी से भारत सतर्क**

हालांकि, भारत की मजबूत साइबर सुरक्षा प्रणाली ने इन हमलों को तुरंत पहचान लिया और चारों वेबसाइटों को समय रहते अलग कर क्षति से बचा लिया गया। कोई भी ऑपरेशनल या संवेदनशील नेटवर्क प्रभावित नहीं हुआ वहीं, एलओसी पर भी भारत ने मजबूती से जवाब दिया है। 28-29 अप्रैल की रात को कुपवाड़ा, बारामुल्ला और अखनूर सेक्टर में पाकिस्तान की गोलीबारी का भारतीय सेना ने प्रभावशाली जवाब दिया। यह लगातार पांचवां दिन है जब भारत ने पाकिस्तानी उकसावे पर मुंहतोड़ प्रतिक्रिया दी है।

शेष पेज 2 पर

### मार्क कार्नी की जीत पर पीएम मोदी ने दी बधाई, कहा-

# आपके साथ काम करने को उत्सुक



नई दिल्ली। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में आपके चुनाव पर मार्क कार्नी और लिबरल पार्टी को उनकी जीत पर बधाई। भारत और कनाडा साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और लोगों के बीच जीवंत संबंधों से बंधे हैं। मैं हमारी साझेदारी को मजबूत करने और हमारे लोगों के लिए अधिक से अधिक अवसरों को खोलने के लिए आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कनाडा के आम चुनाव में जीत के लिए मार्क कार्नी को बधाई दी और कहा कि वह अधिक से अधिक अवसरों को खोलने के लिए साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में आपके चुनाव पर मार्क कार्नी और लिबरल पार्टी को उनकी जीत पर बधाई।

शेष पेज 2 पर

### दिल्ली में अब नहीं चलेगी प्राइवेट स्कूलों की मनमानी:

# कैबिनेट ने फीस बिल को दी मंजूरी, पैरेंट्स को मिली पावर

नई दिल्ली । इस बिल के लागू होने के बाद से दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ाने की मनमानी पर रोक लग जाएगी।

दिल्ली सरकार ने स्कूल फीस बिल को मंगलवार को मंजूरी दे दी। इस बात की जानकारी स्वयं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी। इस बिल के लागू होने के बाद से दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ाने की मनमानी पर रोक लग जाएगी। बता दें कि बीते कई दिनों से सीएम रेखा से अभिभावक मिलकर इस बात की शिकायत कर रहे थे। अब जल्द ही विधानसभा में इसे कानून की शक्ल दी जाएगी।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में ये बड़ी स्थिति रही कि पिछली सरकारों ने कभी भी ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया कि दिल्ली में फीस न बढ़े। 1973 के दिल्ली स्कूल एक्ट में फीस को लेकर एक सेक्शन 17(3) जिसमें ऐसी कोई गाइडलाइन नहीं थी कि प्राइवेट स्कूलों की फीस न बढ़े और जिसके लिए सरकार के पास क्या ताकत है और क्या प्रक्रिया अपनाया जाना चाहिए।

शेष पेज 2 पर

### पहलगाम आतंकी हमला | पाकिस्तान का लश्कर कनेक्शन

# आतंकी हमले का मास्टरमाइंड है पूर्व पैरा कमांडो मूसा

नई दिल्ली। हाशिम मूसा पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के साथ काम कर रहा है। उसको लश्कर के आकाओं ने गैर कश्मीरी लोगों और सुरक्षा बलों पर हमले करने के लिए एक खास मिशन पर कश्मीर भेजा था।

पहलगाम हमले में शामिल पाकिस्तानी आतंकियों को लेकर एक के बाद एक खुलासे हो रहे हैं। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में जिन 3 संदिग्ध आतंकियों के स्कैच जारी हुए थे, उसमें एक की पहचान पाकिस्तानी आतंकी हाशिम मूसा के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, निर्दोष लोगों पर गोली बरसाने वाला आतंकी पाकिस्तान सेना के स्पेशल फोर्स का पूर्व पैरा कमांडो है।



**खास मिशन पर कश्मीर भेजा था आतंकी मूसा-** टाइम्स ऑफ इंडिया की खबर के मुताबिक, हाशिम मूसा पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के साथ काम कर रहा है। उसको लश्कर के आकाओं ने गैर कश्मीरी लोगों और सुरक्षा बलों पर हमले करने के लिए एक खास मिशन पर कश्मीर भेजा था। सूत्रों ने एक सुरक्षा अधिकारी के हवाले से बताया है कि संभव है कि उसे स्पेशल सर्विस ग्रुप जैसे पाकिस्तान के विशेष बलों ने लश्कर को आतंकी हमले के लिए दिया हो।

खतरनाक मिशन के लिए तैयार किए जाते हैं एसएसजी के पैरा-कमांडो

एसएसजी के पैरा-कमांडो अपरंपरागत युद्ध में उच्च प्रशिक्षित होते हैं और गुप्त अभियानों में विशेषज्ञ होते हैं। ये कमांडोज हर तरह के मौसम में ऑपरेशन करने के साथ ही मानसिक और शारीरिक लेवल पर काफी फिट होते हैं। एसएसजी कमांडो अत्याधुनिक हथियारों के साथ-साथ हाथ से मुकाबला करने में भी माहिर होते हैं। उनके पास नेविगेशन और विषम परिस्थितियों जीवित रहने के उच्च कौशल क्षमता होती है।

शेष पेज 2 पर

# राजधानी की सड़कों से हटाई गईं दो हजार बसें, चिलचिलाती धूप में घंटों इंतजार करने को मजबूर यात्री

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



नई दिल्ली ।डीटीसी के एक अधिकारी ने बताया कि हटाई गईं बसों में से कई दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की थीं, जिनकी निर्धारित किलोमीटर सीमा और मियाद पूरी हो चुकी थी।

राजधानी की सड़कों से दो हजार बसें हटा दी गई हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बसों की कमी के कारण यात्री लंबे समय तक बसों का इंतजार करते नजर आ रहे हैं। हालात यह हैं कि कई घंटे इंतजार करने के बावजूद लोगों को बस से सफर करने का मौका नहीं मिल पा रहा है। पीक आवर्स में यह समस्या और गंभीर हो जाती है।

दोपहर के समय बसों की फ्रीक्वेंसी कम होने के कारण स्टॉप पर यात्रियों की भारी भीड़ जमा हो जाती है। बस आने पर भी सवार होने की कोई गारंटी नहीं रहती। सीट को लेकर भी यात्रियों के बीच धक्का-मुक्की और बहसबाजी आम हो गई है। सोमवार को अमर उजाला की पड़ताल में दिल्ली के सैकड़ों बस स्टैंड्स पर यात्री घंटों इंतजार करते दिखाई दिए। केंद्रीय सचिवालय, शिवाजी स्टेडियम, जंतर मंतर, आरएमएल अस्पताल, समेत कई अन्य बस स्टैंड्स पर भी यही हालात देखने को मिले।

**पुरानी बसों में मंडराता है सुरक्षा पर खतरा**

डीटीसी के एक अधिकारी ने बताया कि हटाई गईं बसों में से कई दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की थीं, जिनकी निर्धारित किलोमीटर सीमा और मियाद पूरी हो चुकी थी। उन्होंने कहा कि पुरानी बसें समय के साथ तकनीकी रूप से कमजोर हो जाती हैं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा गंभीर रूप से खतरे में पड़ सकती है। जैसे-जैसे बसें पुरानी होती हैं, उनके इंजन, ब्रेक सिस्टम अन्य महत्वपूर्ण पुर्जे घिसने लगते हैं। रखरखाव में जरा सी भी लापरवाही गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है। यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए और दुर्घटनाओं की आशंका को कम करने के लिए इन बसों को हटाया गया है।

मैं रोजाना राजेन्द्र नगर प्लेस से लक्ष्मी नगर की बस से आता जाता हूं, लेकिन आए दिन बस का इंतजार लंबा होता जा रहा है। इससे दफ्तर जाने में देर हो जाती है। इसका समाधान करना चाहिए। **-विजय**

बसे हटाने से काम प्रभावित हो रहा है। रोजाना दफ्तर जाने में देरी, घर वापस लौटने में देरी हो रही है। इस गर्मी में स्टैंड पर इंतजार करना बहुत मुश्किल है। इसका हल करना चाहिए। **-जीएन तिवारी**

बुजुर्गों को बसों की सबसे ज्यादा जरूरत है। अब बसें हटाने से आने-जाने में बहुत दिक्कत हो रही है, क्योंकि पहले के मुकाबले बस स्टैंड पर ज्यादा समय तक खड़ा रहना पड़ता है। **-रंजीत**

# दिल्ली-NCR में बदलने वाला है मौसम, मई की होगी कूल-कूल शुरूआत

एनपीटी ब्यूरो



नई दिल्ली । मंगलवार को शाम के समय से आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। जबकि गरज वाले बादल की गतिविधियां रहेंगी। 10-20 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से सतही हवा चलेंगी।

दिल्ली-एनसीआर में मौसम एक बार फिर से करवट लेने जा रहा है। दो मई को पश्चिमी विक्षोभ से मौसम में यह बदलाव देखने को मिलेगा। इससे ना केवल गर्मी से राहत रहेगी बल्कि आंधी व हल्की बारिश के आसार हैं। इस कारण से 41 डिग्री से ऊपर चल रहा पारा 36-38 डिग्री के बीच पहुंचने की संभावना है। दरअसल, मानसून सीजन आने से पहले प्री मानसून गतिविधियों की शुरूआत हो रही है। मौसम की यह गतिविधियां दिन की बजाए शाम को होंगी।

हवाओं के पूर्वी दिशा में मुड़ने, बादलों की उपलब्धता और नमी के स्तर में बढ़ोतरी इन प्री मानसून गतिविधियों को बढ़ाएंगे। इस कारण से एक मई से चार मई तक मौसम कूल-कूल बना रहेगा। इस दौरान हल्की बारिश, गरज वाले बादल, धूल भरी आंधी, तेज हवाएं चलेंगी। दिन के समय हल्की गर्मी का अहसास होगा और शाम और रात को यह गतिविधियां होंगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 36-38 डिग्री के बीच पहुंच जाएगा। जहां तक बारिश की बात है तो एक मार्च से अब तक 2.5 मिमी बारिश हुई है। जबकि औसतन 12.5 मिमी बारिश होती है। अब अप्रैल को दो दिन शेष है लेकिन इस दौरान बारिश की संभावना नहीं है। जबकि मई के शुरूआत में हल्की बारिश की संभावना है।

दिल्ली में बीते कई दिनों से अधिकतम तापमान 41 डिग्री से ऊपर बना हुआ है। बीते शनिवार शाम को चली तेज आंधी के कारण तापमान में गिरावट होनी शुरू हुई। सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 1.4 डिग्री अधिक 40.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.6 डिग्री कम 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। अब 24 घंटे तक अधिकतम तापमान में कोई परिवर्तन की संभावना नहीं है। उसके बाद अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट देखने को मिलेगी।

मंगलवार को शाम के समय से आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। जबकि गरज वाले बादल की गतिविधियां रहेगी। 10-20 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से सतही हवाएं चलेंगी। एक व दो मई को मौसम की गतिविधियां ज्यादा देखने को मिलेगी। इन दो दिन के लिए मौसम विभाग ने आंधी बारिश के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान हल्की बारिश होगी और 30-50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। तीन व चार मई को भी आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और 20-30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

**आज का तापमान**

अधिकतम तापमानः 40.4 डिग्री सेल्सियस

न्यूनतम तापमानः 23.2 डिग्री सेल्सियस

29 अप्रैल को सूर्यास्तः शाम 6:55 मिनट

30 अप्रैल को सूर्योदयः सुबह 5:42 मिनट

# बिहार के किसान का बेटा बना अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के पिता मजदूर...सचिव ओबीसी

नई दिल्ली। जेएनयू छात्र संघ चुनाव में सचिव के पद पर जीती मुंतेहा फातिमा ने जीत का परचम लहराया है। पिछला चुनाव आइसा, डीएसएफ, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ) और स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने मिलकर लड़ा था।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ चुनाव में जीत का परचम लहराने वाले उम्मीदवार बेहद सामान्य परिवार से आते हैं। किसी के पिता किसान हैं तो कोई अनुसूचित जाति से है। छात्र संघ चुनाव में जीतने वाले सभी उम्मीदवार जेएनयू में पहले से छात्रों की आवाज उठाते रहे हैं। जेएनयू छात्र संघ में आइसा व डीएसएफ के गठबंधन ने शीर्ष तीन पदों पर और एबीवीपी को एक पद मिला।

जेएनयू छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर जीतने वाले नीतीश कुमार बिहार के अररिया जिला स्थित शेखपुरा से हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से आने वाले नीतीश के पिता किसान और मां गृहिणी है। बीएचयू से राजनीतिक विज्ञान में बीए की है। वर्ष 2020 में जेएनयू के स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के सेंटर फॉर पॉलिटिकल स्टडीज में एमए में दाखिला लिया। कोरोना काल में जेएनयू को वर्ष 2021 में खोलने की मांग को लेकर आंदोलन किया। नीतीश ने आइसा की जेएनयू इकाई के सचिव के तौर पर भी काम किया है। वर्ष 2021 में अपने बैच के लिए उन्हें छात्र एसएफसी प्रतिनिधि के रूप में चुना गया। जबकि 2023-24 में जेएनयू छात्र संघ चुनाव में स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज से काउंसलर के रूप में चुने गए। वर्ष 2023 के अगस्त में छात्रावास सहित कई दूसरे मुद्दों को लेकर 16 दिनों की भूख हड़ताल भी की।

जेएनयू छात्र संघ चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर जीतने वाली मनीषा हरियाणा के मजदूर वर्ग से ताल्लुक रखती हैं। वह अनुसूचित जाति से आती है। उनके पिता एक फैक्टरी में काम करते थे। जेएनयू के सेंटर फॉर ईस्ट एशियन स्टडीज, स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में पीएचडी कार्यक्रम में दाखिला लिया।

## पेज एक का शेष...

### प्रधानमंत्री की सेना को खुली छूट कहा- जवाब कब व कैसे देना है, यह तय करने के लिए आप स्वतंत्र

इससे पहले सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी से उनके आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। यह बैठक उस दिन हुई, जब सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने राजनाथ सिंह को पहलगाम आतंकी हमले के बाद लिए गए कुछ फैसलों की जानकारी दी।

केंद्र सरकार को मिला विपक्षी दलों का समर्थन–पहलगाम हमले के बाद सरकार ने एक सर्वदलीय बैठक भी बुलाई थी। इसमें विपक्षी दलों ने आतंकियों के खिलाफ सरकार किसी भी कार्रवाई को पूरा समर्थन देने की बात कही।

सीमा पार आतंकवादी हमले के तार–हमले के अगले दिन कैबिनेट सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक भी हुई थी। इस बैठक में बताया गया कि इस आतंकी हमले के तार सीमा पार से जुड़े हुए हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब जम्मू–कश्मीर में चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं और राज्य धीरे–धीरे आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ रहा है।

पाकिस्तान के खिलाफ पांच रणनीतिक फैसले–सीसीएस की बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ पांच बड़े फैसले लिए गए थे। इसमें सिंधु जल संधि को तत्काल स्थगित करना, अटारी चेक पोस्ट को बंद करना, पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा के तहत भारत में प्रवेश की अनुमति खत्म करना, पाकिस्तानी उच्चायोग में तैनात रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सेना के सलाहकारों को एक हफ्ते के भीतर देश छोड़ने का आदेश जैसे फैसले शामिल थे।

केंद्रीय गृह सचिव ने की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता–इससे पहले आज केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने भी एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें तीन अर्धसैनिक बलों के प्रमुख और दो अन्य सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। हालांकि बैठक के एजेंडे पर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई।

### इन्होंने परिवार को ही देश माना, उनसे विकास की उम्मीद करना बेइमानी

नए भारत के नए उप्र का है नया गोरखपुर–ये नए भारत के नए उत्तर प्रदेश का नया गोरखपुर है। यहां फिल्में बनती हैं। रामगढ़ताल टूरिस्ट स्पॉट बन गया है। सपा के समय एक हफ्ता बिजली आती थी एक हफ्ता नहीं। बल्ब कभी जला कभी बंद हो गया। सुथनी चारकोल प्लांट से गोरखपुर की नगर पंचायतों और आसपास के जिलों का कचरा भी निस्तारित होगा। मेयर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया।

### आतंकी हमले का मास्टरमांइड है पूर्व पैरा कमांडो मूसा

**कश्मीरी ओवरग्राउंड वर्कर्स की पूछताछ में खुले राज**– एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मूसा के पाकिस्तान कनेक्शन की पुष्टि 15 कश्मीरी ओवरग्राउंड वर्कर्स ने पूछताछ के दौरान की। इन्हीं कश्मीरी ओवरग्राउंड वर्कर्स ने उन आतंकियों की रसद की व्यवस्था करके और टोही में मदद की थी। पहलगाम आतंकी हमले में आईएसआई की भूमिका के साथ–साथ कश्मीर में पहले हुए कई हमलों में भी मूसा की भूमिका रही है। कश्मीर में अक्टूबर 2024 में गांदरबल के गागनगीर में हुए हमले में शामिल था। इसमें छह गैर–स्थानीय लोग और एक डॉक्टर मारे गए थे। इसके अलावा, बारामूला के बुटा पथरी में हुए हमले में दो सेना के जवान और दो सेना के पोर्टर मारे गए थे। इस हमले में मूसा की भूमिका रही है।

इन हमलों शामिल रह चुका है मूसा–मूसा तीनों हमलों में एक आम अपराधी के रूप में उभरा है। पाकिस्तान में प्रशिक्षित दो अन्य स्थानीय आतंकवादी जुनैद अहमद भट और अरबाज मीर भी गगनगीर और बूटा पथरी हमलों में शामिल थे, लेकिन नवंबर और दिसंबर 2024 में सुरक्षा बलों के साथ अलग–अलग मुठभेड़ों में उन्हें मार गिराया गया था। इन दोनों आतंकियों को मारे जाने से बाद से मूसा कश्मीर में बाहरी लोगों को निशाना बनाने के आतंकी मिशन को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है।

हमले में इन आतंकियों के नाम आए सामने –पहलगाम हमले की जांच ने कश्मीरी ओवरग्राउंड वर्कर्स और आतंकी मददगारों के एक स्थानीय नेटवर्क की संलिप्तता का खुलासा हुआ है। उन्होंने हमले में इस्तेमाल किए गए हथियारों को पहुंचाने में मदद की। पाकिस्तानी आंतकियों ने स्थानीय लोगों की मदद से हमले वाली जगह की रेकी की थी। जिससे हमले से पहले और बाद में आतंकवादियों के छिपने के स्थानों का पता लगाने में मदद मिली।

हालांकि, अब तक मिली जानकारी में दो पाकिस्तानी आतंकवादियों हाशमी मूसा और अली भाई तथा कई स्थानीय लोगों आदिल थोकर और आसिफ शेख की भूमिका की पुष्टि हुई है। लेकिन कश्मीरी ओवरग्राउंड वर्कर्स से पूछताछ में और भी पाकिस्तानी आतंकवादियों के शामिल होने की जानकारी सामने आ रही है।

### 'दिशा' बैठक में भड़के राहुल गांधी, बोले- युवाओं को रोजगार मामले में बड़ा घालमेल... देखती रह गईं डीएम

बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि सूची में शामिल 25 युवाओं की रैंडम जांच कराई गई है। इसमें मात्र तीन युवाओं ने ही बताया कि रोजगार मिला है। 10 युवाओं को अब तक रोजगार नहीं मिला। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसी भ्रामक सूची कतई न भेजी जाएं।

डीएम को जांच कराने के निर्देश दिए– विधान परिषद सदस्य अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना की जांच कराई जाए। बैठक में उन्होंने सूची में शामिल 1107 युवाओं के सत्यता की भी जांच कराने को भी कहा। बोले कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। मामले में डीएम को जांच कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान मौजूद अमेठी से सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत 182 परियोजनाओं के भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट जल निगम ने उपलब्ध कराई। सूची में शामिल परियोजनाओं की रैंडम जांच कराई गई तो 90 प्रतिशत रिपोर्ट गलत मिली। ऐसा प्रतीत होता है कि भौतिक सत्यापन में औपचारिकताएं निभाई गई हैं।

अमेठी सांसद ने कहा कि जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में अधिकारियों की कमेटी बनाकर सत्यापन कराया जाए। ताकि, सच सामने आ सके। बैठक में लालगंज बाईपास का मामला भी उठा। बताया गया कि नवंबर 2024 में लालगंज बाईपास का काम पूरा होना था, लेकिन अब तक यह काम पूरा नहीं हो सका है। इस पर एनएचएआई के परियोजना निदेशक ने जवाब दिया कि मई माह में बाईपास का काम पूरा हो जाएगा।

एम्स में दो माह में शुरू हो जाएगा क्षयरोग का इलाज

दिशा के नामित सदस्य गौरव अवस्थी ने कहा कि जिला अस्पताल की तरह एम्स में भी टीबी के इलाज के पर्याप्त बंदोबस्त नहीं हैं। गंभीर मरीज एम्स इलाज के लिए आते हैं। एम्स में यह सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। इस पर एम्स के उप निदेशक ने स्पष्ट किया कि क्लीनिक और इलाज की औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। दो माह में क्षयरोगियों का इलाज एम्स में शुरू करा दिया जाएगा।

नामित सदस्य ने गंगा एक्सप्रेसवे का भी मामला उठाते हुए कहा कि ऐहार गांव के करीब 40 किसानों की जमीन पर एक्सप्रेसवे बनाया जा रहा है। लेकिन, अब तक किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया। भूमि अधिग्रहण भी नहीं किया गया। मामले के जांच के निर्देश दिए गए।

सीएमओ जांच कराएं, एम्स क्यों रेफर हुए मरीज– बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती व नामित सदस्य सुंदरलाल ने दिशा की बैठक में उठाया कि जिला अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी से मरीजों को एम्स रेफर किया जाता है। एम्स में संसाधन कम होने के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मामला उठने के बाद सीएमओ डॉ. नवीनचंद्रा को निर्देश दिए गए कि अब तक कितने मरीजों को एम्स रेफर किया गया। यह भी पता लगाएं कि क्या मरीजों को रेफर करना जरूरी था। सीएमओ इसकी रिपोर्ट देंगे।

### आपके साथ काम करने को उत्सुक

भारत और कनाडा साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और लोगों के बीच जीवंत संबंधों से बंधे हैं। मैं हमारी साझेदारी को मजबूत करने और हमारे लोगों के लिए अधिक से अधिक अवसरों को खोलने के लिए आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

सुबह 3:15 बजे (ओटावा समय) तक मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी के उम्मीदवार 167 सीटों पर आगे चल रहे थे या चुने जा चुके थे, जबकि कंजर्वेटिव पार्टी की 145 सीटें आगे थीं। लिबरल पार्टी के पास राष्ट्रीय वोट का लगभग 43 प्रतिशत था, लेकिन 343 सदस्यीय हाउस ऑफ कॉमन्स में बहुमत के लिए आवश्यक 172 सीटों से पीछे रह सकते हैं। बहुमत से पीछे रहने का मतलब होगा कि कार्नी की सरकार को बजट और अन्य कानून पारित करने के लिए अन्य पार्टियों के साथ मिलकर काम करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

मार्क कार्नी के चुनाव से ओटावा के नई दिल्ली के साथ संबंधों में सुधार आने की उम्मीद है, जो पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार द्वारा खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर, एक कनाडाई नागरिक की हत्या में भारतीय एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाने के बाद नए निम्न स्तर पर पहुंच गए थे। लिबरल नेता, एक अर्थशास्त्री और बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ कनाडा दोनों के पूर्व गवर्नर ने संकेत दिया कि अगर वह सत्ता में वापस आते हैं तो वह नई दिल्ली के साथ संबंधों को फिर से स्थापित कर सकते हैं।

### साइबर हमले की रची साजिश भारतीय सेना ने दिया करारा जवाब

पहलगाम आतंकी हमला, एज नजर–गौरतलब है कि जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में बीते मंगलवार 22 अप्रैल को आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। सेना की वर्दी में आए दहशतगर्दों ने पहलगाम की बायसरन घाटी में पर्यटकों से पहले उनका धर्म पूछा, परिचय पत्र देखे और फिर हिंदू हो कहकर गोली मार दी। 26 मृतकों में ज्यादातर पर्यटक हैं, जबकि दो विदेशी और दो स्थानीय नागरिक शामिल हैं।

टीआरएफ ने ली हमले की जिम्मेदारी–तीन जुलाई से शुरू होने जा रही श्रीअमरनाथ यात्रा से पहले इस कायराना हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर–ए–ताइबा से जुड़े गुट द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। फरवरी, 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद से जम्मू–कश्मीर में यह सबसे बड़ा आतंकी हमला है। उस हमले में सीआरपीएफ के 47 जवान मारे गए थे।

### कैबिनेट ने फीस बिल को दी मंजूरी, पैरेंट्स को मिली पावर

**फुल प्रूफ है बिल**–सीएम रेखा ने आगे कहा कि 1973 से लेकर आज तक इस पर कोई प्रावधान नहीं हुआ कि स्कूलों पर लगाम कैसे लगाई जाए। लेकिन आज मुझे आप सभी को ये बताते हुए खुशी हो रही है कि दिल्ली सरकार ने एक ऐतिहासिक और साहसिक फैसला लिया है। आज हमने कैबिनेट में ड्राफ्ट बिल पास किया है, जिसमें सभी प्राइवेट स्कूलों में फीस को लेकर पूरी गाइडलाइन तय की जाएगी और इतिहास में पहली बार दिल्ली सरकार द्वारा ऐसा बिल तैयार किया जा रहा है, जो अपने आप में फुल प्रूफ है। ये दिल्ली की जनता के लिए सुकून का विषय है।

बच्चों की भविष्य, भाजपा की प्राथमिकता– शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि आज हमारी कैबिनेट ने फीस बढ़ाने या ना बढ़ाने के संदर्भ में एक कानून सम्मत निर्णय लेकर एक बिल बनाया है, जिसमें सरकार को ताकत दी गई है कि वो रेगुलेट कर सकें, रोक (फीस वृद्धि) सकें और अगर कोई स्कूल ना माने तो उसपर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इसी बिल के आधार पर फीस बढ़ाने या घटाने का काम किया जाएगा।

1973 के एक्ट में फीस बढ़ोतरी के खिलाफ कोई प्रावधान नहीं था, पिछली सरकार ने इस पर कोई निर्णय नहीं लिया। बच्चों का भविष्य भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। किसी बच्चे को फीस नहीं देने पर बाहर बिठाया तो 50 हजार प्रति बच्चे के हिसाब से स्कूल को जुमार्ना देना होगा। हमने आज ये कैबिनेट में ये बिल पास किया है। ये जल्द कानून बनेगा और 1 अप्रैल 2025 से लागू माना जाएगा।

पैरेंट्स को मिली पावर– सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, इस एक्ट में पैरेंट्स को इतनी पावर मिली है कि वे अपने बच्चों का भविष्य करने में खुद से निर्णायक भूमिका निभाएंगे। विधानसभा में इसके लिए तत्काल एक बैठक बुलाई जाएगी।

# माय भारत मेंटोर कार्यक्रम में चयनित हुए अमन कुमार समाज सेवा के अनुभवों से युवाओं को करेंगे प्रेरित

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत-युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के स्वायत्तशासी संगठन मेरा युवा भारत द्वारा बागपत के युवा सामाजिक कार्यकर्ता अमन कुमार का चयन प्रतिष्ठित माय भारत मेंटोर कार्यक्रम के लिए किया गया है। यह चयन न केवल अमन कुमार के लिए बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गर्व का विषय है, क्योंकि वह इस कार्यक्रम के लिए चयनित होने वाले पहले और एकमात्र युवा हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से अमन कुमार अपने समाज कार्य और स्वयंसेवा के बहुमूल्य अनुभवों को साझा करेंगे और देशभर के युवाओं को समाज में बदलाव लाने के लिए प्रेरित करेंगे।

माय भारत पोर्टल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लॉन्च किया था, और वर्तमान में इस पोर्टल पर 1.65 करोड़ से अधिक युवा पंजीकृत हैं। यह पोर्टल देशभर के युवाओं को एकजुट करने, उन्हें मार्गदर्शन देने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। इस पोर्टल के माध्यम से युवा कार्यकर्ता, समाजसेवी और अन्य परिवर्तनकारी नेतृत्वकर्ता जैसे अमन कुमार, युवाओं को उनके जीवन में सही दिशा देने और उन्हें सक्रिय नागरिक बनाने में मदद करेंगे। अमन कुमार का उद्देश्य है कि




प्रत्येक युवा अपने भीतर छिपे नेतृत्व कौशल को पहचाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एक सशक्त भूमिका निभाए।

माय भारत मेंटोर कार्यक्रम का उद्देश्य है कि देश के विभिन्न हिस्सों से उभरते हुए नेतृत्वकताओं को एक मंच पर लाकर, उन्हें समाज में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाए। इस कार्यक्रम के माध्यम से अमन कुमार जैसे युवा समाज सेवा के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा करेंगे और अन्य युवाओं को प्रेरणा देंगे कि वे भी अपने समाज में बदलाव लाने के लिए अपना योगदान दें। अमन का मानना है कि यदि हम अपनी युवा शक्ति का सही दिशा में उपयोग करें, तो हम समाज में बड़े बदलाव ला सकते हैं।

अमन कुमार का चयन इस कार्यक्रम में उनके निरंतर प्रयासों और समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए योगदान का परिणाम है। उन्हें इस वर्ष उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है, जो राज्य का सर्वोच्च युवा पुरस्कार है। यह पुरस्कार उनके द्वारा किए गए ग्रामीण युवाओं के विकास, पर्यावरण संरक्षण, और समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए किए गए प्रयासों की मान्यता है। उनका कार्य विशेष रूप से तकनीकी और सामाजिक बदलाव के बीच संतुलन बनाने के लिए प्रेरित करता है, और उन्होंने समाज में बदलाव लाने के लिए कई नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किए हैं।

अमन कुमार वर्तमान में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से समाज कार्य में अध्ययनरत हैं और उन्होंने अपनी शिक्षा और अनुभवों के आधार पर समाज सेवा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। वह माय भारत, हंड्रेड, यूनिसेफ, यूनेस्को जैसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से जुड़े हुए हैं, जो वैश्विक स्तर पर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए काम कर रहे हैं। अमन कुमार, नेहरू युवा केन्द्र और युवा कल्याण विभाग से संबद्ध उड़ान यूथ क्लब के अध्यक्ष भी ऐ।

# सगाई में युवक ने लौटा दिया 51 लाख रुपए का शगुन

## कहा मुझे रुपए नहीं चाहिए, रिश्ता चाहिए

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**

मुरादनगर । गांव भिक्कनपुर में एक सगाई समारोह में मानवता और सादगी की मिसाल देखने को मिली।

समारोह के दौरान युवक ने अपने ससुराल पक्ष द्वारा दिए गए 51 लाख रुपए के शगुन को लौटा दिया और कहा, मुझे रुपए नहीं, सिर्फ रिश्ता चाहिए।

जानकारी के अनुसार, सोमवार को गांव भिक्कनपुर में आयोजित सगाई समारोह में यह घटना हुई। सगाई की रस्मों के दौरान लड़की के परिवार ने परंपरा अनुसार लड़के को 51 लाख रुपए नकद व अन्य उपहार भेंट किए। लेकिन युवक, विश्वजीत सिंह ने सबके सामने शगुन को विनम्रता से लौटा दिया। लड़की पक्ष ने उन्हें राशि स्वीकार करने के लिए काफी समझाया, लेकिन वह अपने फैसले पर अडिग रहे। उन्होंने कहा, रिश्तों में लेन-देन नहीं होना चाहिए। मैं सिर्फ आपकी बेटी का साथ चाहता हूं, किसी प्रकार का दहेज या शगुन नहीं।

विश्वजीत के पिता अरुण सिंह ने भी बेटे के निर्णय का समर्थन किया और कहा, हमने हमेशा अपने बच्चों को सच्चे मूल्यों की शिक्षा दी है। हम इस रिश्ते को बिना किसी लेन-देन के अपनाना चाहते हैं। तिलक को चढ़ाने मुजफ्फरनगर जिले से रैकडा भोपा गांव से आए थे

विश्वजीत के इस फैसले ने न सिर्फ दोनों परिवारों में सम्मान बढ़ाया, बल्कि समारोह में मौजूद सभी मेहमानों के दिल जीत लिए। लोग इस पहल की सराहना करते नहीं थक रहे हैं।

समाज में दहेज प्रथा के खिलाफ एक सशक्त संदेश देते हुए यह घटना चर्चा का विषय बन गई है। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि ऐसी मिसालें और भी परिवारों को प्रेरित करेंगी और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएंगी।

# पल्लवपुरम में अवैध कॉलोनियों पर चला एमडीए का पंजा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। मेरठ विकास प्राधिकरण की अनुमति के बगैर पल्लवपुरम क्षेत्र में काटी जा रही अवैध कॉलोनियों पर वीसी के आदेश पर एमडीए का बुलडोजर गरजा। ग्राम सिवाया, भराला रोड़, रूड़की रोड़ पर करीब दस हजार वर्ग मीटर में काटी जा रही अवैध कालोनी में विकसित की गई सड़के, बाउण्ड्रीवाल, बिजली के खम्बे एवं अन्य विकास कार्यों को ध्वस्त कर दिया गया। प्राप्त विवरण के अनुसार पल्लवपुरम क्षेत्र में अशोक कुमार पुत्र तेजपाल, राजेश चौधरी, विकास कपूर एवं सुरेन्द्र सिंह आदि द्वारा खसरा संख्या 986, 987 एवं 988 ग्राम सिवाया में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह ग्राम मीठेपुर मैन दैदुआ सोफीपुर रोड़ मेरठ पर 5000 वर्ग मीटर में आर्यकांत एवं सूर्यकांत द्वारा अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। उक्त कालोनियों के बारे में एमडीए तक लगातार सूचनायें पहुंच रही थी। प्रर्वतन अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान नोडल अधिकारी प्रवर्तन, उप प्रभारी प्रवर्तन एवं प्रवर्तन स्टाफ के साथ-साथ सुरक्षाकर्मी भी मौजूद रहे।

# पिलाना में धूमधाम के साथ मनाई गई भगवान परशुराम की जयंती



बागपत। श्री श्याम वाटिका पिलाना में भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई, इसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने भाग लिया।

सुबह के समय हवन का आयोजन किया गया, उसके बाद केटी विंग के फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष केटी भैया ने भगवान परशुराम के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित किया। तत्पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, जिसका सभी ने लुफ्त उठाया। उसके बाद भगवान परशुराम के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित एक प्रेरक वीडियो प्रस्तुत की गई। इस मौके पर समाज के उन व्यक्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे महामंडलेश्वर श्री भैयादास जी महाराज ने भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेने और सनातन संस्कृति की रक्षा का संदेश दिया। इस मौके पर के टी विंग फाउंडेशन के संस्थापक के टी भैया ने सामाजिक एकता, युवा सशक्तिकरण और सांस्कृतिक संरक्षण पर बल दिया। इस अवसर पर उन्होंने एक नई पहल की घोषणा की, जिसमें के टी विंग फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण युवाओं के लिए निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण की शुरूआत की जाएगी। इस प्रशिक्षण में इलेक्ट्रिशियन, प्लंबिंग, वेल्डिंग जैसे कौशलों को शामिल किया जाएगा, जिसका उद्देश्य पिलाना और आसपास के गांवों के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और रोजगार के नए अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में हम्बीर सिंह और फाउंडेशन के कार्यकताओं का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेंद्र त्यागी तथा संचालन आशीष कांडवाल ने किया। इस मौके पर श्याम सुंदर, संजय प्रधान, यशपाल त्यागी, सोनू त्यागी, नरेश प्रधान, शिव कुमार त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# सरूरपुर के प्रिंस नैन ने राष्ट्रीय विद्यालयी कुश्ती प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक, एसपी बागपत ने किया सम्मानित

बागपत। जिले के सरूरपुर इंटर कॉलेज के छात्र प्रिंस नैन ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। दिल्ली में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी कुश्ती (ग्रीको-रोमन अंडर-17/19) प्रतियोगिता 2024-25 में प्रिंस नैन ने 60 किलो भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया।

प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागी शामिल हुए थे। कठिन मुकाबलों के बीच प्रिंस ने न सिर्फ अपना दमखम दिखाया बल्कि बागपत जिले का गौरव भी बढ़ाया। उनकी इस उपलब्धि पर बागपत के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सूरज कुमार राय ने उन्हें सम्मानित किया।

सम्मान समारोह के दौरान एसपी सूरज कुमार राय ने कहा कि ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। प्रिंस जैसे युवाओं ने साबित किया है कि अगर मेहनत और लगन हो तो सीमित संसाधनों के बावजूद भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जनपद की खेल प्रतिभाएं देश और विदेश में लगातार जिले का नाम रोशन कर रही हैं।

इस अवसर पर प्रिंस नैन के कोच, परिजन और समर्थक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में राजू तोमर सिरसली और सुभाष नैन विशेष रूप से उपस्थित रहे और प्रिंस को शुभकामनाएँ दीं।

पूरा इलाका प्रिंस नैन की इस उपलब्धि पर गर्व कर रहा है और युवा खिलाड़ियों के लिए वे एक प्रेरणा बनकर उभरे हैं।

# मंदिर देखरेख की आड़ में मंदिर की संपत्ति पर किया कब्जा ! दूसरे समुदाय के हाथों बेचने का आरोप

**एनपीटी ब्यूरो**



बरेली । बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला कटकुइयां में वर्षों पुराने शिव मंदिर की जमीन को मुस्लिम समाज के शख्स को बेचने की साजिश का मामला गरमा गया है। आरोप है कि मंदिर की देखरेख की जिम्मेदारी संभाल रहे परिवार के लोग अब उसे अपनी पैतृक संपत्ति बताकर सौदेबाजी कर रहे हैं। मंगलवार को मोहल्ले के दर्जनों लोग डीएम कार्यालय पहुंचे और इस ह्यसांस्कृतिक धोखाधड़ीह्ल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

स्थानीय लोगों ने बताया कि मंदिर की देखभाल वर्षों पूर्व होरीलाल गुप्ता और उनके परिवार को सौंपी गई थी। उनके निधन के बाद परिजनों ने मंदिर की सेवा जारी रखी, लेकिन अब वे उसी जमीन को अपनी बताकर कथित रूप से मुस्लिम व्यक्ति के हाथों बेचने की तैयारी में हैं। जब लोगों ने विरोध किया तो जवाब मिला, ह्लयह हमारी संपत्ति है, जैसे चाहें इस्तेमाल करेंगे।- आरोप है कि यह महज एक सौदा नहीं बल्कि एक साजिश है–धार्मिक स्थल की जमीन को निजी मानकर दूसरे समुदाय को बेचना न सिर्फ भावनाओं से खिलवाड़ है, बल्कि सांप्रदायिक सौहार्द को चोट पहुंचाने की कोशिश भी हो सकती है। स्थानीय लोग इसे मंदिर की आस्था पर हमला मान रहे हैं। शिवभक्तों और क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए और मंदिर की संपत्ति को कब्जे और सौदेबाजी से तुरंत मुक्त कराया जाए।

शिकायत करने वालों में किरन, माया देवी, नीरजा, उषा, संतोष देवी, रीता देवी, भूपराम गुप्ता, रामकृष्ण शुक्ला, मुन्ना लाल मिश्रा (किसान यूनियन), आनंद कुमार, मानव गुप्ता, सुनील कुमार, शरद आदि शामिल रहे।

# बजरंग सेना ने कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर आतंकवाद का पुतला फूंका

**एनपीटी ब्यूरो**



बरेली। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृत हिन्दू को न्याय दिलाने एवं आतंकियों को खुलेआम फांसी दिलाये जाने की मांग करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में आतंकवाद का पुतला फूंका और पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया।

जिला अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि हमारे सनातनी भाईयों को आतंकियों द्वारा नाम पूछकर गोली मारी गयी। इस घटनाक्रम में शामिल आतंकियों को खुलेआम फांसी की सजा हो तथा इनको पनाह देने वालों को नेस्तोनावूद किया जाये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द आतंकवाद को खत्म किया जाये क्योंकि ये देश को खोखला कर रहे हैं। एक हिन्दू राष्ट्र देश घोषित किया जाये। पीओके और एलओसी को अपने भारत में मिलाया जाये जोकि हमारा हक है हमारे भारत का है। ज्ञापन देने बालो में संजय शर्मा , मोहित, मुकेश शर्मा , कुसुमलता आदि मौजूद रहे।

# मेरठ पब्लिक गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने जीता कांस्य पदक

**नेशनल प्रेस टाइम्स , ब्यूरो।**

मेरठ पब्लिक गर्ल्स स्कूल, शास्त्री नगर, की छात्राओं ने इंटर स्कूल रोल बॉल स्केटिंग चैंपियनशिप 2025 में कांस्य पदक जीतकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है ।

यह चैंपियनशिप डी.पी.एस.जी इंटरनेशनल, डासना, गाजियाबाद में 27इँ अप्रैल को आयोजित की गई थी, जिसमे एम.पी जी.एस, शास्त्री नगर, की वान्या भारद्वाज (कक्षा 8 बी), तन्वी सैनी (कक्षा 8 डी), आराध्या भारद्वाज (कक्षा 6 डी), मिशका जैन (कक्षा 8 ई), जियाना केइन (कक्षा 7 बी) तथा यशिका सिंह (कक्षा 7 डी) ने अपनी उल्लेखनीय प्रतिभा का प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीता ।




विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती सपना अहूजा जी ने इन सभी छात्राओं की उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

**समस्या** | कचरा खाकर पेट भर रहे गौ वंशः

# गौशालाओं के बावजूद सड़कों पर भटकते पशु

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**

मोदीनगर । जिले में गौ रक्षा और संरक्षण को लेकर प्रशासन द्वारा कई बार प्रयास किए गए हैं। जगह–जगह गौशालाएं खोली गई हैं, जिनमें बेसहारा गौ वंश को शरण देने का दावा किया जाता है। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है। नगर की सड़कों और कूड़े के ढेरों पर अब भी बड़ी संख्या में गौ वंश कचरा खाते दिखाई देते हैं।

मोदीनगर क्षेत्र में एस आर एम यूनिवर्सिटी के पास सोमवार को गौ वंश ऐसी जगह कचरा खाता दिखाई दिया जहां पर आग भी लगी थी और ऊपर से बिजली लाइन भी गुजर रही थी। ऐसे में पशु हर तरह से खतरे में दिखाई दे रहा है।

क्षेत्र में लाखों रुपये की लागत से गौशालाओं का निर्माण कराया गया था।



प्रशासनिक दावों के अनुसार इन गौशालाओं में पर्याप्त चारा, पानी और देखरेख की व्यवस्था है। लेकिन जब सड़कों पर घूमते, प्लास्टिक और सड़ी–गली चीजें खाते पशु दिखते हैं, तो इन दावों की पोल खुल जाती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इन पशुओं के सड़क पर होने से ट्रैफिक में रुकावट होती है और कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। दुकानदारों और राहगीरों को भी इन पशुओं से परेशानी होती है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि यह गौ वंश प्लास्टिक और जहरीले कचरे का सेवन कर रहा है, जिससे उनकी जान भी जा सकती है।

कुछ सामाजिक संगठनों और पशु प्रेमियों ने प्रशासन से मांग की है कि इन लावारिस गौ वंश की उचित देखभाल की जाए और उन्हें गौशालाओं में आश्रय दिया जाए। साथ ही, गौशालाओं में मौजूद सुविधाओं की सघन निगरानी की जाए ताकि पशुओं को वहां ठहराने में कोई कठिनाई न हो।

प्रशासन का तर्क है कि कई बार पशु पालक ही अपने बूढ़े या बीमार पशुओं को छोड़ देते हैं, जिससे समस्या और बढ़ जाती है। हालांकि, इसके समाधान के लिए जुमार्ना और पहचान अभियान चलाने की बात कही जा रही है।

समस्या के स्थायी समाधान के लिए जरूरी है कि गौशालाएं सिर्फ कागजों पर नहीं, बल्कि वास्तव में सक्रिय हों। वहां पशुओं के लिए चारा–पानी के साथ चिकित्सकीय सुविधा और देखरेख सुनिश्चित की जाए। साथ ही, समाज को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी, क्योंकि गौ रक्षा केवल प्रशासन की नहीं, हम सभी की जिम्मेदारी है।

# भौतिकता एवं आध्यात्मिकता की अक्षय मुस्कान का पर्व

## संपादकीय

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा की सार्थक पहल

ऐसे वक्त में जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरा देश दुख और गुस्से की मनःस्थिति से गुजर रहा है, जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने शांति और सांप्रदायिक सद्भाव का एक सशक्त संदेश दिया है। जो कि वक्त की जरूरत भी थी। जम्मू-कश्मीर विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान सदन ने सर्वसम्मति से इस वीभत्स हत्याकांड की पुरजोर निंदा करते हुए बाकायदा एक प्रस्ताव पारित किया। जिस आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया, लोगों को आक्रोशित तथा दुखी किया, उसके खिलाफ जम्मू-कश्मीर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाना व निंदा प्रस्ताव पारित करना निश्चित रूप से देश के जख्मों पर मरहम लगाने जैसा ही है। निश्चय ही यह संदेश देश की गंगा-जमुनी संस्कृति के अनुरूप ही है। निर्विवाद रूप से आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता है, लेकिन हर धर्म के व्यक्ति को खुले मन से आतंकियों की निंदा करनी चाहिए। यह विडंबना ही है कि यह भयावह घटना राज्य से केंद्रशासित बने जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण और सक्रिय भागीदारी वाले विधानसभा चुनावों के बाद उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के छह माह बाद हुई। ऐसे में मुख्यमंत्री के लिये सबसे बड़ी चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि संवेदनशील केंद्र शासित प्रदेश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के पुनरुद्धार से होने वाले लाभ यूं ही व्यर्थ न चले जाएं। यह सकारात्मक संदेश ही है कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने आतंक को सिरे से खारिज किया है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला नरसंहार के बाद घाटी के लोगों के दिलों से सीधे निकल रहे आक्रोश और दुख को कश्मीर के लिये एक उम्मीद की किरण के रूप में देखते हैं। जो पाक पोषित आतंकवाद को नकारने जैसा ही है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा में कहा भी कि इस केंद्रशासित प्रदेश की हर मस्जिद में पहलगाम हमले में मारे लोगों की याद में मौन रखा गया। जो यह बताता है कि धर्म-संप्रदाय से परे लोग पूरे देश की संवेदनाओं को महसूस करते हैं। साथ ही आतंकवाद को सिरे से खारिज भी करते हैं।

निश्चित रूप से इस नये कश्मीर से आया यह संकेत दिल को छूने वाला है। जो यह भी बताता है कि अभी भी सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। निश्चित रूप से राष्ट्रीय एकता, करुणा और लचीलेपन की यह भावना स्वागत योग्य है। साथ ही यह भी उम्मीद जगी है कि यह नई सोच विघटनकारी ताकतों का मुकाबला कर सकती है। उन अलगाववादियों का जो विकासशील जम्मू-कश्मीर को फिर से 1990 के दशक की शुरूआत के बुरे दौर में धकेलना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री होने के नाते उमर अब्दुल्ला ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया किया है कि वे राज्य में आये पर्यटकों को सुरक्षित घर वापस भेजने की अपनी जिम्मेदारी में विफल रहे हैं। उन्होंने उन कयासों को खारिज किया कि त्रासदी का उपयोग राजनीतिक लाभ हेतु राज्य का दर्जा पाने के लिये किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक आतंकवाद अपना भयानक रूप दिखाता रहेगा, तब तक जम्मू-कश्मीर का केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा समाप्त नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आतंक के खिलाफ लड़ाई में कश्मीरियों और उनके निर्वाचित प्रतिनिधियों की पूरी तरह से भागीदारी जमीन पर एक स्पष्ट अंतर ला सकती है। हालांकि, बहुत कुछ केंद्र सरकार और विभिन्न राज्यों द्वारा संकटग्रस्त केंद्रशासित प्रदेश को दिए जाने वाले समर्थन पर निर्भर करेगा। निस्संदेह, आतंकवाद के इस विनाशकारी आघात के बाद जम्मू-कश्मीर को संभालने में मदद करना राष्ट्रीय प्राथमिकता बननी चाहिए। निश्चित रूप से जम्मू-कश्मीर विधानसभा से आया यह रचनात्मक संदेश देश की एकता व अखंडता के लिये सुखद ही है। देश में आतंकवाद की इस घटना के बाद जैसे नकारात्मक प्रतिक्रिया देने की कोशिशें की जाती रही है, उसको यह सार्थक जवाब है। जो वक्त की मांग भी थी। घाटी से संदेश आया है कि यहां लोग देश की संवेदना से उसी तरह के सरोकार रखते हैं, जैसा कि अन्य राज्यों के लोग रखते हैं। यह भी कि आतंकवाद किसी भी धर्म का हिस्सा नहीं होना चाहिए। मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है।

**लोकोत्तर दृष्टि से अक्षय तृतीया पर्व का संबंध जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभ के साथ जुड़ा हुआ है। तपस्या हमारी संस्कृति का मूल तत्व है, आधार तत्व है। कहा जाता है कि संसार की जितनी समस्याएं हैं तपस्या से उनका समाधान संभव है। संभवतः इसीलिए लोग विशेष प्रकार की तपस्याएं करते हैं और तपस्या के द्वारा संसार की आध्यात्मिक एवं भौतिक दोनों संपदाओं को हासिल करने का प्रयास करते हैं। जैन धर्म में वर्षीतप यानी एक वर्ष तक तपस्या करने वाले साधक इसदिन से तपस्या प्रारंभ करके इसी दिन सम्पन्न करते हैं। यह संसार से मोक्ष की मुस्कान, शरीर को तपाने और आत्मस्थ करने का अवसर है। अक्षय तृतीया तप, त्याग और संयम का प्रतीक पर्व है। इसका सम्बन्ध भगवान ऋषभदेव के युग और उनके कठोर तप से जुड़ा होने से वर्षीतप की परम्परा चली।**

### अक्षय तृतीया 30 अप्रैल, 2025 पर विशेष



अक्षय तृतीया महापर्व का न केवल सनातन परम्परा में बल्कि जैन परम्परा में विशेष महत्व है। इसका लौकिक और लोकोत्तर-दोनों ही दृष्टियों में महत्व है। अक्षय शब्द का अर्थ है कभी न खत्म होने वाला। संस्कृत में, अक्षय शब्द का अर्थ है समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता, जबकि तृतीया का अर्थ है चंद्रमा का तीसरा चरण। इस त्यौहार के साथ-साथ एक अबूझा मांगलिक एवं शुभ दिन भी है, जब बिना किसी मुहूर्त के विवाह एवं मांगलिक कार्य किये जा सकते हैं। विभिन्न सांस्कृतिक एवं मांगलिक ढांचों में ढले अक्षय तृतीया पर्व में हिन्दू-जैन धर्म, संस्कृति एवं परम्पराओं का अनूठा संगम है। इस प्रकार अक्षय तृतीया पर किए गए कार्यों जैसे जप-तप, यज्ञ, पितृ-तर्पण, दान-पुण्य आदि का साधक को अक्षय फल प्राप्त होता है। भगवान आदिनाथ ने ही सबसे पहले समाज में दान का महत्व समझाया था, इसलिए इस दिन पर जैन धर्म के लोग आहार दान, ज्ञान दान, औषधि दान करते हैं। रास्ते चाहे कितने ही भिन्न हों पर इस पर्व त्यौहार के प्रति सभी जाति, वर्ग, वर्ण, सम्प्रदाय और धर्मों का आदर-भाव अभिन्नता में एकता का प्रिय संदेश दे रहा है। आज के युद्ध, आतंक, आर्थिक प्रतिस्पर्धा एवं अशांति के समय में संयम एवं तप की अक्षय परम्परा को जन-जन की जीवनशैली बनाने की जरूरत है।

अक्षय तृतीया इस वर्ष 30 अप्रैल, 2025 को है। भगवान परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया के दिन हुआ था, इसलिये भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का जन्मदिन मानते हैं। वैष्णव मंदिरों में उनकी पूजा की जाती है। महर्षि वेदव्यास ने इसी दिन से महाभारत लिखना शुरू किया था। अक्षय तृतीया के दिन महाभारत के युधिष्ठिर को अक्षय पात्र मिला था। इसकी विशेषता थी कि इसमें भोजन कभी समाप्त नहीं होता था। इसी पात्र से वह अपने राज्य के गरीब व निर्धन को भोजन देकर उनकी सहायता करते थे। इसी आधार पर मान्यता है कि इस दिन किए जाने वाला दान-पुण्य का भी कभी क्षय नहीं होता है। इस दिन साधु-संतों के साथ ब्राह्मणों-गरीबों को भोजन कराकर व वस्त्र दान करने के साथ गायों को हरा चारा खिलाने का विशेष महत्व है। वहीं पक्षियों को परिंडे लगाकर दाने-पानी की व्यवस्था करने से विशेष लाभ मिलता है और भगवान श्री विष्णु की कृपा अपने भक्तों पर हमेशा बनी रहती है।

अक्षय तृतीया विवाहित या अविवाहित महिलाओं के लिए क्षेत्रीय रूप से महत्वपूर्ण है, जो अपने जीवन में पुरुषों की भलाई के लिए या भविष्य में उनकी सगाई होने वाले पुरुष के लिए प्रार्थना करती हैं। प्रार्थना के बाद, वे अंकुरित चने (अंकुरित), ताजे फल और भारतीय मिठाइयां वितरित करते हैं। यह दिन किसानों, कुंभकारों एवं शिल्पकारों के लिए भी यह बहुत महत्व का दिन है। बैलों के लिए भी बड़े महत्व का दिन है। प्राचीन समय से यह परम्परा रही है कि आज के दिन राजा अपने देश के विशिष्ट किसानों को राज दरबार में आमंत्रित करता था और उन्हें अगले वर्ष बुवाई के लिए विशेष प्रकार के बीज उपहार में देता था। लोगों में यह धारणा प्रचलित थी कि उन बीजों की बुवाई करने वाले किसान के धान्य-कोष्ठक कभी खाली नहीं रहते। यह इसका लौकिक दृष्टिकोण है। अक्षय तृतीया पर महाराष्ट्र के लोग नया व्यवसाय शुरू करते हैं, घर खरीदते हैं और महिलाएं सोना खरीदती हैं। लोग इस त्यौहार को परिवार के साथ मनाते हैं और महाराष्ट्रीयन पूरन पोली (गुड़ और दाल के मिश्रण से भरी चपाती) और आमरस (आम की एक मोटी प्यूरी) से बने नैवेद्य जैसे भोजन का भोग लगाकर देवी-देवताओं की पूजा करते हैं।

ओडिशा में, अक्षय तृतीया आगामी खरीफ सीजन के लिए चावल की बुवाई के शुभारंभ के दौरान मनाई जाती है। यह दिन अच्छी फसल के आशीर्वाद के लिए किसानों द्वारा धरती माता, बैलों और अन्य पारंपरिक कृषि उपकरणों और बीजों की पूजा के साथ शुरू होता है। जगन्नाथ मंदिर के रथ यात्रा उत्सव के लिए रथों का निर्माण भी इसी दिन पुरी में शुरू होता है। तेलुगू भाषी तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में यह त्यौहार समृद्धि और दान से जुड़ा है। सिंहचलम मंदिर में इस दिन विशेष उत्सव अनुष्ठान किए जाते हैं। मंदिर के मुख्य देवता को साल के बाकी दिनों में चंदन के लेप से ढका जाता है और केवल इसी दिन देवता पर लगे चंदन की परतें हटाई जाती हैं ताकि अंतर्निहित मूर्ति दिखाई दे। इस दिन वास्तविक रूप या निज रूप दर्शनम का प्रदर्शन होता है।

लोकोत्तर दृष्टि से अक्षय तृतीया पर्व का संबंध जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभ के साथ जुड़ा हुआ है। तपस्या हमारी संस्कृति का मूल तत्व है, आधार तत्व है। कहा जाता है कि संसार की जितनी समस्याएं हैं तपस्या से उनका समाधान संभव है। संभवतः इसीलिए लोग विशेष प्रकार की तपस्याएं करते हैं और तपस्या के द्वारा संसार की आध्यात्मिक एवं भौतिक दोनों संपदाओं को हासिल करने का प्रयास करते हैं। जैन धर्म में वर्षीतप यानी एक वर्ष तक तपस्या करने वाले साधक इसदिन से तपस्या प्रारंभ करके इसी दिन सम्पन्न करते हैं। यह संसार से मोक्ष की मुस्कान, शरीर को तपाने और आत्मस्थ करने का अवसर है। अक्षय तृतीया तप, त्याग और संयम का प्रतीक पर्व है। इसका सम्बन्ध भगवान ऋषभदेव के युग और उनके कठोर तप से जुड़ा होने से वर्षीतप की परम्परा चली। यह ऋषभ की दीर्घ तपस्या के समापन का दिन है। अपने आदिदेव की स्मृति में जैन धर्म के विभिन्न सम्प्रदायों में असंख्य श्रावक-श्राविकाएं वर्षीतप करते हैं। इस दिन देशभर में आचार्यों और मुनियों के सान्निध्य में अनेक आयोजन होते हैं। इसका मुख्य आयोजन हस्तिनापुर (जिला मेरठ- उत्तर प्रदेश) में श्री शांतिनाथ जैन मन्दिर में एवं प्राचीन नसियांजी, जो भगवान ऋषभ के पारणे का मूल स्थल पर आयोजित होता है, वहां पर देशभर से हजारों तपस्वी एकत्र होते हैं और अपनी तपस्या का पारणा करते हैं। तपस्या को जैन धर्म साधना में अत्यन्त महत्पूर्ण स्थान दिया जाता है। मोक्ष के चार मार्गों में तपस्या का स्थान कम महत्वपूर्ण नहीं है। तपस्या आत्मशोधन की महान प्रक्रिया है और इससे जन्म जन्मांतरों के कर्म आवरण समाप्त हो जाते हैं। जरूरत इस बात की है कि इसकी साधना से जीवन विकास की सीख हमारे चरित्र की साख बने। हममें अहं नहीं, निर्दोष शिशुभाव जागे। यह आत्मा के अभ्युदय की प्रेरणा बने।

अक्षय तृतीया का पावन पवित्र त्यौहार निश्चित रूप से धमार्राधना, त्याग, तपस्या आदि से पोषित ऐसे अक्षय बीजों को बोने का दिन है जिनसे समयान्तर पर प्राप्त होने वाली फसल न सिर्फ पारिवारिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय उत्साह को शतगुणित करने वाली होगी वरन अध्यात्म की ऐसी अविरल धारा को गतिमान करने वाली भी होगी जिससे सम्पूर्ण मानवता सिर्फ कुछ वर्षों तक नहीं पीढ़ियों तक स्नात होती रहेगी। अक्षय तृतीया के पवित्र दिन पर हम सब संकल्पित बनें कि जो कुछ प्राप्त है उसे अक्षुण्ण रखते हुए इस अक्षय भंडार को शतगुणित करते रहें। यह त्यौहार हमारे लिए एक सीख बने, प्रेरणा बने और हम अपने आपको सर्वोतमुखी समृद्धि की दिशा में निरंतर गतिमान कर सकें।

अच्छे संस्कारों का ग्रहण और गहरापन हमारे संस्कृति बने। तभी अक्षय तृतीया पर्व की सार्थकता होगी। सनातन धर्म में इसी दिन शादियों के भी अबूझ एवं स्वयंसिद्ध मुहूर्त रहता है और थोक में शादियां होती है। अक्षय तृतीया को आखा तीज भी कहा जाता है। अक्षय तृतीय हिन्दु पंचाग अनुसार वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को कहते है। माना जाता है कि इस दिन जो भी कार्य किए जाते हैं वे पुरी तरह सफल होते हैं एवं शुभ कार्यों को अक्षय फल मिलता है। साथ ही यह भी मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन अपने अच्छे आचरण और सद्गुणों से दूसरों का आशीर्वाद लेना अक्षय रहता है। साथ ही अक्षय तृतीया के दिन सोना खरीदना अत्यंत शुभ माना जाता है तथा गृह प्रवेश, पदभार ग्रहण, वाहन खरीदना, भूमि पूजन आदि शुभ कार्य करना अत्यंत लाभदायक एवं फलदायी होते हैं। इतना ही नहीं अक्षय तृतीया के दिन ही वृंदावन के बांके बिहारी के चरण दर्शन एवं प्रमुख तीर्थ बद्रीनाथ के पट (द्वार) भी अक्षय तृतीया को ही खुलते हैं।

## आज अक्षय तृतीया है - शुभता श्रद्धा और संकल्प का दिन

**सुरेंद्र मलानिया**



आज अक्षय तृतीया है।
वो पावन दिन, जब दान, धर्म, सेवा और संकल्प का हर काम अक्षय फल देता है।
वो दिन, जिसे सनातन परंपरा में अबूझ मुहूर्त माना गया है – जिसमें बिना किसी शुभ मुहूर्त देखे आप कोई भी पुण्य कार्य, विवाह, या नया आरंभ कर सकते हैं।
आज का दिन क्यों विशेष है?
आज भगवान परशुराम का जन्म हुआ था – न्याय, धर्म और साहस के प्रतीक।
आज ही माँ गंगा का अवतरण हुआ – शुद्धता और करुणा का अद्वितीय रूप।
और आज ही वेदव्यास और गणेश जी ने महाभारत जैसे अमर ग्रंथ की रचना शुरू की।
आज क्या करें?
सोना-चांदी खरीदना शुभ है, पर उससे भी बड़ा पुण्य है – अन्नदान, जलसेवा, वस्त्रदान, और गरीबों की सहायता।
अगर कोई नया काम शुरू करना है – व्यवसाय, गृहप्रवेश, शिक्षा या विवाह –
तो आज का दिन शुभ है।
अपने पूर्वजों को जल अर्पण करें, और प्रकृति की सेवा का संकल्प लें।
आज का संदेशः
अक्षय तृतीया हमें याद दिलाती है कि -
जो कर्म श्रद्धा, सेवा और निस्वार्थ भाव से किया जाए, उसका फल कभी खत्म नहीं होता।
वह अक्षय हो जाता है।
तो इस अक्षय तृतीया पर,
कुछ अच्छा खरीदने से पहले, कुछ अच्छा कीजिए।
किसी की प्यास बुझाइए, किसी के चेहरे पर मुस्कान लाइए।
यही असली अक्षय पूंजी है।
आप सभी को अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएँ!
आपका जीवन सदैव अक्षय सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य से भरा रहे।

## बिजली कटौती और लो वोल्टेज से लोगों को नहीं मिल रहा छुटकारा

मुरादाबाद।सुबह जैसे ही सूर्य की किरणे धरती पर पड़ रही हैं,वैसे ही तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। तापमान में बढ़ोतरी के चलते बिजली ने भी अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। लोगों को गर्मी में कही भी आराम नहीं मिल रहा है। लो-वोल्टेज और बिजली कटौती के कारण कूलर और पंखे भी बेकार साबित हो देहात में 10 से 12 घंटे बिजली मुश्किल से मिल पा रही हैमुरादाबाद में पड़ रही भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप से जहां लोग बेहाल हैं, वहीं बिजली कटौती की समस्या लोगों के सामने बड़ी समस्या बनती जा रही है। मुरादाबाद शहर की अगर बात करें तो यहां 14 से 15 घंटे तो वहीं देहात में 10 से 12 घंटे बिजली मुश्किल से मिल पा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। अगवानपुर फीटर और फतेहपुर बिश्नोई फीटर पर अघोषित बिजली कटौती हो रही है। जिससे लगभग 100 गांव प्रभावित हो रहे हैं। इनमें किशनपुर,बैरमपुर,अंयारी, नकसनदाबाद, कुड़ामीरपुर, दयानाथपुर और भी ना जाने कितने गांव के लोग बिजली कटौती से परेशान हैं। यहां दिन के समय में 3 से 4 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। उसमें भी 15 से 20 बार ट्रिप लग जाता है।

## उर्स-ए-ताजुश्शरिया कर लिए बरेली में जुटेंगे 10 से अधिक देशों के जायरीन

**एनपीटी ब्यूरो**




बरेली। खानदान ए आला हजरत के बुजुर्ग हजरत मुफ्ती अख्तर रजा खां (अजहरी मियां) का दो दिवसीय उर्स चार मई से शुरू हो रहा है। इसमें शामिल होने के लिए विदेशों और देश के दूर दराज इलाकों से आने वाले जायरीन ने अभी से शहर के तमाम होटलों और गेस्ट हाउस में कमरे बुक करा दिए हैं।

शहर में आला हजरत के बाद यह दूसरा सबसे बड़ा उर्स होता है। इसके मद्देनजर दरगाह की ओर से इन दिनों तैयारियां जोरो पर हैं। न सिर्फ जायरीन के ठहरने के लिए इंतजाम किए जा रहे हैं, बल्कि शहर के तमाम लोगों ने लंगर आदि के लिए भी तैयारियां शुरू कर दी हैं।
इस संबंध में जमात रजा मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान ने बताया कि उर्स चार व पांच मई को दरगाह आला हजरत स्थित खानकाह ताजुश्शरिया और मथुरापुर स्थित जामियतुर्रजा इस्लामिक सेंटर पर मनाया जाएगा। उर्स में शिरकत करने के लिए इस बार बड़ी संख्या में जायरीन के पहुंचने की संभावना है।

## बजरंग सेना ने कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर आतंकवाद का पुतला फूंका



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृत हिन्दू को न्याय दिलाने एवं आतंकियों को खुलेआम फांसी दिलाये जाने की मांग करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में आतंकवाद का पुतला फूंका और पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया।
जिला अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि हमारे सनातनी भाईयों को आतंकियों द्वारा नाम पूछकर गोली मारी गयी। इस घटनाक्रम में शामिल आतंकियों को खुलेआम फांसी की सजा हो तथा इनको पनाह देने वालों को नेस्तोनावूद किया जाये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द आतंकवाद को खत्म किया जाये क्योंकि ये देश को खोखला कर रहे हैं। एक हिन्दू राष्ट्र देश घोषित किया जाये। पीओके और एलओसी को अपने भारत में मिलाया जाये जोकि हमारा हक है हमारे भारत का है। ज्ञापन देने बालो में संजय शर्मा , मोहित, मुकेश शर्मा , कुसुमलता आदि मौजूद रहे।

# वर्ल्ड डांस डे पर कृष्णम डांस ग्रुप ने 8वां स्थापना दिवस धूम-धाम से मनाया

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



कानपुर,(स्वप्निल तिवारी) वर्ल्ड डांस डे के दिन कृष्णम डांस ग्रुप ने बड़ी धूमधाम से बनाया अपना आठवां स्थापना दिवस। गुमटी स्थित एक रेस्टोरेंट में ग्रुप के नए-पुराने सभी सदस्यों ने मिलकर केक काटा और अपने पसंदीदा नृत्य के साथ इस दिन को सेलिब्रेट किया। कार्यक्रम के अंत में सभी को उपहार एवं सम्मान से पुरस्कृत किया गया। कृष्णम डांस ग्रुप के डायरेक्टर विपिन निगम ने बताया कि 2017 हमने कृष्णम डांस ग्रुप की शुरूआत की थी। आठ वर्षों से कृष्णम परिवार के नए-पुराने सभी सदस्य साथ मिलकर सभी त्योहारों को मानते आ रहे हैं। भारतवर्ष के अनेक प्रदेशों में जाकर कृष्णम डांस ग्रुप प्रतियोगितओं और महोत्सवों में नृत्य की सभी विद्याओं का सुंदर प्रदर्शन करता आ रहा है। हम कानपुर के भी सभी बड़े एवं प्रतिष्ठित स्थानो के साथ-साथ मंदिरों में भी समय-समय में अपनी प्रस्तुतियां देते रहे हैं। कृष्णम डांस ग्रुप से नृत्य सीख चुके कई छात्राएं आज नृत्य के क्षेत्र में अपना नाम कर रही हैं। कई छात्राएं अपना ग्रुप बनाकर व इंस्टीट्यूट खोलकर भी नृत्य को बढ़ावा दे रही हैं।

अटल रत्न, यूपी रत्न सहित पुरस्कारों से सम्मानित विपिन निगम शहर के सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल में नृत्य विभाग के विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वह 25 वर्षों से नृत्य के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कृष्णम ग्रुप का उद्देश्य केवल भारतीय शास्त्रीय नृत्य एवं लोक नृत्य को आगे बढ़ाना है, जिससे हमारे बच्चे भारतीय संस्कृति से जुड़े रहें। इस अवसर पर शालिनी महिवाल, वंदना वर्मा, चारु मिश्रा, साक्षी टंडन, स्वाति पांडे, मनु सोमानी, आरती श्रीवास्तव, गरिमा गुप्ता, उपासना सिंह, प्रथमेश निगम, राज श्रीवास्तव आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# सीमा क्षेत्र के गैर मान्यता प्राप्त मदरसों पर कार्यवाही जारी, अवैध मदरसा सील

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



बहराइच। जनपद की भारत नेपाल सीमा के बफर जोन में संचालित अनाधिकृत मदरसों की सघन जांच कर कार्यवाही का सिलसिला दूसरे दिन भी अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा चलाया गया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने मोतीपुर थाना क्षेत्र के मदरसा दारुल उलूम अजीजिया हदीकतुल नोमान दरोगापुरवा की सघन जांच की तथा मदरसे के वैध दस्तावेज मांगे जिस मदरसा संचालक अब्दुल अजीज मदरसे की भूमि तथा आय-व्यय, प्रवेश एवं छात्र उपस्थित रजिस्टर समेत कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके ` जिसपर मदरसा अनियमित तरीके से संचालित पाये जाने पर सील कर दिया गया है मदरसा संचालक को वैध कागजात प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं मदरसा दारुल उलूम अहले सुन्नत गौसुलवरा दरोगापुरवा तथा मदरसा अरबिया इस्लामिया अनवारुल कुरान गोपिया को मदरसा संचालित न किये जाने की चेतावनी जारी की गयी ` जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि जांच में पाया गया अधिकांश मदरसे निजी मकान में बिना किसी कागजात के बिना भवन तथा मानक विहीन अनधिकृत रूप से संचालित है।

ज्ञात हो कि भारत नेपाल सीमा सुखा बोर्डर है ,जहां से एक दूसरे देश में लोगों का बिना वीजा पासपोर्ट के आवागमन होता रहता है` ऐसे संवेदनशील बॉर्डर एरिया में बिना मान्यता और बिना नियम कानून , मानक के मदरसे संचालित हो रहे हैं ऐसे मदरसे सुरक्षा की दृष्टि से भी बहुत संवेदनशील हो जाते हैं` सीमा की संवेदनशीलता और सुरक्षा के महत्व को देखते हुए बफर जोन में संचालित उन अनधिकृत मदरसों को सीज करने की कार्यवाही की जा रही है जिसमें अब तक मोतीपुर थाना क्षेत्र के एक मदरसे को सीज किया गया है मोतीपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत मदरसा दारुल उलूम अजीजिया हदीकतुल नोमान दरोगापुरवा शामिल हैं`

# भागवताचार्य आचार्य कृष्ण गोपाल सुवेदी के श्रीमुख से भक्त माल कथा का हुआ शुभारंभ



कानपुर,(स्वप्निल तिवारी) इंडस्ट्रियल स्टेट कालपी रोड कृपा धाम मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाली पंच दिवसीय (संगीतमय भक्तमाल कथा) के प्रथम दिवस प्रातः काल 501 महिलाओं द्वारा भव्य कलश एवं ध्वज शोभा यात्रा निकाली गई जो की मंदिर परिक्षेत्र से शास्त्री नगर काली मठिया से गडरियन पुरवा से घूमते हुए दो किमी परिधि क्षेत्र की परिक्रमा पूर्ण कर मंदिर प्रांगण तक पुनः विश्राम हुई इसके पश्चात कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सायं काल 3 बजे सात बजे तक होने वाली भक्त माल कथा में कार्यक्रम आयोजक संयोजक सुनील कपूर सपना कपूर, राजीव चतुर्वेदी गुड़िया चतुर्वेदी द्वारा व्यास पीठ का पूजन किया गया कथा के प्रथम दिवस दिल्ली से पधारे सुप्रसिद्ध रामकथा वाचक एवं भागवताचार्य आचार्य कृष्ण गोपाल सुवेदी ने कथा के भक्त माल की कथा का शुभारंभ करते हुए बताया कि सकल ब्रह्मांड में हमे पुण्य फल सिर्फ भगवान की भक्ति से भी नही मिलता बल्कि ऐसे भक्त भी हुए है जिनका भजन स्वयं भगवान भी जप रूप में करते रहते है जिनमे भक्त राज नाम देव महाराज, ब्रह्म ऋषि नारद जी, हनुमान जी महाराज, पुंडरीक जी, भक्त प्रह्लाद, श्रवण कुमार जैसे भी भक्त हुए है जिनकी धर्म और भक्ति का बखान स्वय भगवान भी करते है कथा व्यास गोपाल सुवेदी कहते है भक्ति के साथ धर्म का मार्ग भी होना परम आवश्यक है भक्त और भगवान के अनुपम उदाहरण भक्त शिरोमणि श्री हनुमान जी और पुंडरीक की कथा अद्भुत भक्ति में मिलता है इन दोनो के पास सदा अष्ट सिद्धि और नौ निधि समाहित रहती है दोनो ही श्री लक्ष्मी नारायण जो सुमिरन करते है माता पिता के रूप में पुंडरीक की भक्ति सर्वोत्तम है जिनकी भक्ति से प्रसाद पाने को भगवान स्वय विट्ठल रूप में दरवाजे के बाहर इंतजार करते है वही अपने आराधेश्वर के रूप में राम सीता भक्ति करने वाले हनुमान उन्हें अपने हृदय में विराजते है दोनो की ही भक्ति बिरली है अद्भुत है तुम्हरे भजन राम को भावे जनम जनम के दुख विसरावे जो भी आपका सुमिरन भी कर लेगा उसके जन्मों के दुख मिट जायेंगे इस अवसर पर मुख्य रूप से कथा संयोजक सुनील कपूर सपना कपूर, प्रमुख आचार्य प्रमोद तिवारी, प्रधान सेवक राजीव चतुर्वेदी, मीडिया प्रभारी पंडित कमल मिश्र एवं मंदिर सभी सेवक सहित कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

# नीट - 2025 को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क

बहराइच। जनपद में आगामी चार मई को होने वाली नीट - 2025 को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित तैयारी बैठक में डीएम ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को आगाह करते हुए कहा कि इस परीक्षा में नकल कराते पकड़े जाने पर एक करोड़ रुपये का जुमार्ना और उम्र कैद की सजा का प्रावधान है। बैठक में डीएम मोनिका रानी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि 29 अप्रैल की शाम तक सभी परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, स्टाफ की उपलब्धता, परीक्षार्थियों के बैठने, प्रसाधन, पेयजल के साथ परीक्षा कक्षों में प्रकाश और सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता के बारे में अनिवार्य रूप से जानकारी प्राप्त की जाए। डीआईओएस को निर्देश दिया कि सेक्टर मजिस्ट्रेटों की रिपोर्ट के आधार पर परीक्षा केंद्रों पर यदि कोई कमी पाई जाती है तो उसे दुरूस्त कराएं। केंद्र व्यवस्थापकों को नियमों का अध्ययन कर समय से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। जिला मुख्यालय पर स्थापित होगा कमांड सेंटर

नीट की परीक्षा को शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ सशस्त्र सुरक्षा बल की तैनाती की जाएगी और जिला मुख्यालय पर कमांड सेंटर स्थापित किया जाएगा। केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया गया कि सभी कक्ष निरीक्षकों के साथ बैठक कर उन्हें परीक्षा संचालन के संबंध में दिशा-निर्देशों की जानकारी प्रदान कर दी जाए। परीक्षा केंद्रों में लगे सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील होने चाहिए। ये वस्तुएं रहेंगी प्रतिबंधित-

परीक्षा की शुचिता प्रभावित न हो इसके लिए किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर कोई भी पेपर, पेंसिल बॉक्स, कैलकूलेटर, सनग्लास, पर्स, कैप, जेवर, खाद्य सामग्री, मोबाइल, यूएसबी ड्राइव, कैमरा, घड़ी, चाभी, ब्लूटूथ, डिजिटल पेन, हेल्थ बैंड सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इसकी सूची परीक्षा केंद्रों पर प्रदर्शित की जाए।

# शिक्षक की पिटाई से छात्र की नाक से निकला खून, ग्रामीणों में आक्रोश

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो




बहराइच। जनपद के विकास खंड नवाबगंज के ग्राम पंचायत कल्याणपुर गुलरहिया में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहाँ उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलभरिया रायपुर में कक्षा 7 में पढ़ने वाले 11 वर्षीय छात्र विजय कुमार वर्मा के साथ पढ़ाई के दौरान शिक्षक श्रवण कुमार वर्मा द्वारा बेरहमी से पीटा गया, मारपीट इतनी गंभीर थी कि छात्र की नाक से खून बहने लगा। दर्द और डर से व्याकुल छात्र विजय रोते-बिलखते घर पहुंचा, जहां उसकी हालत देख मां किरन वर्मा घबरा गई।

बच्चे की स्थिति देखने के बाद विजय की मां रोते बिलखते हुए तुरंत स्कूल पहुंचीं और शिक्षक से इतनी भीषण पिटाई का कारण पूछने लगीं। इस पर शिक्षक श्रवण वर्मा उनसे भी गाली गलौज करने लगे। शोर सुनकर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और भारी हंगामा खड़ा हो गया। स्थिति बिगड़ती देख आरोपी शिक्षक ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शिक्षक श्रवण वर्मा को अपनी गाड़ी से थाने ले गई।

पीड़ित महिला का कहना है कि उनके और उनके बच्चे के साथ बहुत बड़ा अत्याचार हुआ है और उन्हें न्याय चाहिए। वहीं गांव के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य कुलदीप कौशिक ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से मांग की है कि ह्यऐसे रावण रूपी शिक्षक को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाए।

गांव में घटना के बाद तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द न्याय नहीं मिला तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे।

# बांकेबिहारी मंदिर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, तीन जोन और 9 सेक्टर में बांटा वृंदावन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा। वृंदावन में अक्षय तृतीय पर ठाकुर बांके बिहारी महाराज के दर्शनों के लिए आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सोमवार को जिलाधिकरी और एसएसपी ने बांके बिहारी मंदिर के आसपास के स्थलों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही अधीनस्थों को सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। पुलिस ने वृंदावन को तीन जोन और नौ सेक्टर में विभाजित किया है। जिलाधिकारी सीपी सिंह और एसएसपी श्लोक सिंह बांके बिहारी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने पैदल गश्त भ्रमण किया। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे मेला क्षेत्र को तीन जोन और 9 सैक्टर में बांटा है। इसके साथ ही ट्रैफिक और यमुना के घाटों पर सुरक्षा को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इसके लिए दूसरे प्रदेश से भी पुलिस फोर्स की मांग की। स्थानीय पुलिस के साथ पीएसी की कंपनी को भी मंदिर की सुरक्षा में तैनात किया जाएगा।

ट्रैफिक व्यवस्था के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है। मंदिर में भीड़ का दबाव अधिक न हो इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश एसएसपी ने अधीनस्थों को दिए। यमुना में स्नान करने वाले घाटों पर पुलिस और एनडीआरएफ की टीमों को तैनात किया जाएगा। लोगों को यमुना के गहरे पानी में स्नान करने के लिए रोका जाएगा। एसएसपी और डीएम ने मंदिर के सेवायतों के साथ बैठक की और उनसे सुझाव मांगे।

# पिता करता रह गया शादी की तैयारी, नकदी और आभूषण ले गई बेटी, आई मौत खबर

मथुरा के थाना बलदेव क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर गांव बरौली (माइल स्टोन-140) के पास सोमवार की रात करीब 1 बजे हादसा हो गया। नोएडा से आगरा होते हुए कानपुर जा रहे बाइक सवार तीन लोगों को किसी वाहन ने चपेट में ले लिया। हादसे के बाद चालक वाहन को भगा ले गया। दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक और युवती की मौत हो गई। बाइक चलाने वाला युवक घायल है। पुलिस ने उसे बेहोशी की हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। बाइक पर एक युवती और दो युवक सवार थे। इनमें कानपुर के थाना शिवली के एक ही गांव निवासी युवक और युवती की मौत हो गई। जबकि बाइक चालक इसी थाना क्षेत्र के दूसरे गांव निवासी युवक घायल हो गया। उसे आगरा के कृष्णा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी को बताया कि 16 अप्रैल से दोनों लापता थे। युवती घर से 7 लाख रुपये और दो लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण लेकर गई थी। उन्होंने बेटी की शादी के लिए 7 लाख रुपये में खेत बेचा था। इस संबंध में गुमशुदगी थाने में दर्ज कराई गई थी। बताया कि आरोपी युवक नोएडा में एक निजी फैक्टरी में नौकरी करता है। बीती रात वह ड्यूटी पर चला गया। पीछे से बेटी को दो युवकों के साथ बाइक से कानपुर भेज दिया। क्षेत्राधिकारी धर्मेंद्र चौहान ने बताया बाइक सवार युवक व युवती की मौत हो गई है। चालक अस्पताल में भर्ती है। शवों को पीएम के लिए भेजा है। वाहन की तलाश को जानकारी की जा रही है।

# गौरे दाऊजी आश्रम में घुसकर तोड़फोड़, घर में मौजूद अकेली बेटी दहशत में...मां गई थी कचहरी

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा। वृंदावन कोतवाली क्षेत्र स्थित गौरे दाऊ आश्रम में रहने वाली युवती पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। युवती ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई में जुट गई है। तराश मंदिर के पीछे गौरे दाऊ जी मंदिर गौशाला निवासी सत्यवती उर्फ संगीता ने बताया कि सोमवार को उनकी कोर्ट में तारीख थी। वह सुबह कोर्ट में तारीख के लिए गई। घर पर उनकी बेटी लक्ष्मी अकेली थी। तभी पीछे से गौरे दाऊजी आश्रम के महंत अपने साथियों के साथ आए और घर के अंदर घुस गए। लक्ष्मी ने विरोध किया तो उसके साथ हाथापाई की। आरोप है कि महंत और उनके साथियों ने घर में रखे सामान को तोड़ दिया। सीसीटीवी कैमरों को तोड़ने के बाद डीवीआर को अपने साथ ले गए। इसके बावजूद लक्ष्मी ने तोड़फोड़ करने का वीडियो बना लिया। इसके बाद अपनी मां को सूचना दी। सूचना मिलते ही मां वृंदावन पहुंची और बेटी की साथ कोतवाली गई। यहां उन्होंने तहरीर दी। सत्यवती ने बताया कि पूरे दिन पुलिस ने उन्हें कोतवाली में बिठाए रखा। रात को उनकी तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया। सीओ सदर संदीप कुमार सिंह ने बताया कि घर में तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ तहरीर मिल गई है।तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# इमरजेंसी है बीमार, मरीजों से पहले व्यवस्थाओं को उपचार की दरकार

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा। जिला अस्पताल में मरीजों को तत्काल उपचार देने के लिए 24 घंटे संचालित होने वाली इमरजेंसी खुद ही बीमार है। वार्डों से उठने वाली दुर्गंध मरीजों के साथ-साथ तीमारदारों को भी बीमार कर रही है। इतना ही नहीं मरीजों को बेड पर चादर तक नसीब नहीं हो रही है। ऐसे में मरीजों से पहले इमरजेंसी को उपचार की दरकार है। जिला अस्पताल परिसर में ही संचालित इमरजेंसी वार्ड में प्रथम तल पर चार अलग-अलग वार्ड बने हैं। इनमें दो फीमेल वार्ड, एक मेल वार्ड और एक बच्चा वार्ड है। इनमें मरीजों को तत्काल उपचार देने के लिए भर्ती किया जाता है।

हालत में सुधार होने पर मरीजों को जिला अस्पताल के सामान्य वार्डों में स्थानांतरित कर दिया जाता है लेकिन जिला अस्पताल की इमरजेंसी मरीजों को बजाए उपचार देने के लिए बीमार बना रही है। हाल यह है कि वार्डों में नियमित साफ-सफाई न होने के चलते उठने वाली दुर्गंध मरीजों और तीमारदारों को बेहाल कर रही है। नर्सिंग स्टाफ भी इन वार्डों में मुंह पर कपड़ा बांधकर जाता है। मरीजों के लिए बेड पर जहां चादर नहीं हैं तो वहीं कूड़ेदान भी समय से खाली नहीं किए जा रहे हैं। बेड पर चादर न होने से गर्मी में रैगजीन के गद्दों पर मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। ये अव्यवस्थाएं इमरजेंसी में मरीजों की परेशानी बढ़ा रही हैं, लेकिन अधिकारी इससे बेखबर हैं।

# सीतापुर में पत्रकार हत्याकांड पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू

## 50 लाख मुआवजे और नौकरी की मांग; तीन आरोपी जेल में, मुख्य हत्यारे फरार

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



सीतापुर में 8 मार्च को पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या के विरोध में जिले भर के संगठनों ने कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। सैकड़ों मीडिया संगठनों के प्रतिनिधि एकजुट होकर इस हत्याकांड की निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग कर रहे हैं।

धरने का नेतृत्व एपजा संगठन के चेयरमैन रविन्द्र मिश्रा कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से तीन प्रमुख मांगें रखी हैं जिसमें मृतक पत्रकार के परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा,

एक परिजन को सरकारी नौकरी और इस पूरे मामले की सीबीआई से जांच की मांग रखी है। चेयरमैन ने कहा कि स्थानीय पुलिस की जांच में कई खामियां हैं और असली दोषियों को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है, जिससे पत्रकार समुदाय में आक्रोश व्याप्त है।

पुलिस ने अब तक हत्याकांड की साजिश रचने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ये आरोपी खुलासा कर चुके हैं कि उन्होंने इस हमले की साजिश रची थी, लेकिन हत्याकांड को अंजाम देने वाले मुख्य अपराधी अब भी फरार हैं। इससे पत्रकारों का आक्रोश और भी बढ़ गया है।

धरना स्थल पर जुटे पत्रकारों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही सीबीआई जांच की घोषणा नहीं की गई और फरार आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो यह आंदोलन और व्यापक रूप लेगा।

## जनशिकायतों के निस्तारण में ललितपुर की स्थिति खराब

# माह अप्रैल में 326 निगेटिव फीडबैक, 30 में से जनपद को मिले मात्र 8 अंकआवेदक से पहले संपर्क करें, फिर संतुष्टि के आधार पर निस्तारण

**एनपीटी ब्यूरो**

ललितपुर। जनशिकायतों/आईजीआरएस संदर्भों के ससमय निस्तारण व शिकायतकताओं की संतुष्टि हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में समस्त विभागाध्यक्षों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने पीपीटी के माध्यम से विभागवार जनशिकायतों का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसमें बताया गया कि अप्रैल माह में कुल 715 फीडबैक मिले, जिनमें से 408 असंतोषजनक हुए, इस प्रकार माह अप्रैल में जनपद को 30 में से कुल 8 अंक मिले। इसके अलावा माह में 326 नेगेटिव फीडबैक हुए और असंतोषजनक 408 फीडबैक में संबंधित अधिकारियों द्वारा मात्र 231 आवेदकों से संपर्क किया गया, 177 आवेदकों से संपर्क नहीं किया गया, अतः नवीन शासनादेश के अंतर्गत इस बिंदु में जनपद को 10 में से मात्र 2 अंक ही प्राप्त हुए। इस स्थिति पर जिलाधिकारी ने घोर नाराजगी जाहिर करते हुए



सम्बंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और निर्देश दिए कि जनशिकायतों के निस्तारण में काफी हद तक शिकायतकताओं द्वारा असंतुष्टि दर्ज करायी है, यह स्थिति अत्यन्त खेदजनक है, जिससे स्पष्ट हो रहा है कि अधिकारी स्वयं शिकायतों का रिव्यू नहीं कर रहे हैं, अधीनस्थ स्टाफ के भरोसे शिकायतों का निस्तारण कराया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिये कि समस्त अधिकारी अपनी लॉगइन आईडी से आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का प्रतिदिन रिव्यू करें, अब से जो भी संदर्भ संबंधित अधिकारी निस्तारित करें, उसके संबंध में आवेदक को पहले अवगत कराए, मौके पर जाकर शिकायकताओं का पक्ष सुने व पूरी गंभीरता के साथ शिकायतकर्ता की संतुष्ट करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करायें।

उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में जनपद की स्थिति खराब है, इसमें सुधार न हुआ तो संबंधित अधिकारी को अपने समक्ष बुलाकर प्रत्येक कार्य दिवस में आवेदक को कॉलिंग कराई जाएगी, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। बैठक में सभी विभागाध्यक्ष एवं ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अंशुल खरे व टीम उपस्थित रहे।

# मूलभूत सुविधाओं को लेकर कालोनी के लोगों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**एनपीटी ब्यूरो**



ललितपुर। शहर के वार्ड नं. 14 रावतयाना स्थित गौर कालोनी के लोगों ने लामबंद होकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि गौर कालोनी में रहने वाले लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। जिसकी शिकायत पूर्व में कई बार कर चुके है। मोहल्ले में सी.सी. रोड नही है, जिसका कई बार प्रस्ताव जा चुका है। फिर भी अभी तक रोड़ स्वीकृत नहीं किया गया है। उन्होंने हनुमत कोरी के मकान से पूरन कुशवाहा के मकान तक करीब 200 मीटर सीसी रोड डलवाने की मांग उठायी। इसके अलावा मोहल्ले में नगर पालिका द्वारा रोड लाइट लगाई गई थी, जो खराब पड़ी है, उन्हें बदलवाया जाए। वर्तमान में मुहल्ले में विद्युत की नई लाइन डाली जा रही है एवं आवश्यकता के अनुसार पोल लगाये जा रहे हैं। लोगों ने नए पोल लगवाये जाने के लिए आदेशित करने की मांग उठायी। इसके अलावा शहर में मच्छर के प्रकोप रोकने हेतु जो दवाई का छिड़काव भी कालोनी में कराये जाने की बात कही। इधर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर विगत दिवस तीन घरों में हुई लाखों की चोरी के खुलासे को लेकर ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में एसपी से कालोनी में पुलिस विभाग द्वारा पिकेट गश्त लगाए जाने की मांग की गयी, जिसमें उन्होंने समस्या के समाधान का अति शीघ्र आश्वासन दिया गया। ज्ञापन देते समय ध्रुव राजा सिसोदिया, रघुवीर सिंह यादव, भगवत सिंह बैस, लल्लू राजा, दुर्गेश राजपूत, राजेन्द्र सिंह राजावत, राम राजपूत आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिला प्रशासन के प्रयास से बाल विवाह रोकथाम को लेकर बैठक सम्पन्न

ललितपुर। जिला प्रशासन व यूनिसेफ के साहायोग बैठक आहूत की गयी, जिसकी अध्यक्षता सीडीओ व यूनिसेफ पदधिकारी द्वारा जिलास्तीय विभिन्न विभागों के पद अधिकारी की अक्ष्यक्षता में किशोरी सशक्तिकरण व बाल विवाह से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दु पर चर्चा हुई। अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित कर ललितपुर को बाल विवाह से मुक्त कराने के लिए एक प्रत्येक विभाग कार्ययोजन तैयार कर तथा उसमें आपने विभाग की भूमिका का निर्वहन करते हुये ब्लाक स्तर कार्ययोजना प्रेशित करने के निर्देश दिय गये। बैठक के दौरान यूनिसेफ के राज्य पदाधिकारी दिनेश, दयाशंकर ने बाल विवाह रोकथाम प्रचार-प्रसार एवं कार्ययोजना में तकनीक सहायोग देने में आपना सहायोग दे। बाल विवाह कराना या करवाना संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है ऐसा विवाह जिसमें बंधने वाले दोनों या काई एक पक्षकार अवयस्क है यानी लड़की 18 वर्ष और लड़का 21 वर्ष से कम है तो ऐसा विवाह बाल विवाह है, ऐसे विवाह शामिल होने वाले लडके और लडकी माता पिता, बराती, रिश्तेदार, पण्डित, पादरी, मौलवी, ढोलक वाले, नाई, टेण्ट वाले, बैन्ड वाले, फोटोग्राफर, हलवाई शामिल सभी को 2 वर्ष का कठोर कारावास और 1 लाख रुपए का जुमार्ना हो सकता है। बाल विवाह की सूचना चाईल्ड हेल्प लाईन यूनिट 1098 ललितपुर सीयूजी नं. 7991768911, पुलिस हेल्प लाईन न0 112, मे दे सकते है जो कि गुप्त रखी जायेगी।

# साहू समाज का 42वां सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन कल

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

ललितपुर। साहू समाज समिति के अध्यक्ष संतोष साहू खजुरिया ने अवगत कराया है कि आगामी 30 अप्रैल 2025 को साहू समाज के तत्वाधान में 42वां साहू समाज सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन का आयोजन लक्ष्मीपुरा स्थित श्रीश्री 1008 श्री रामराजा मन्दिर साहू समाज में होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि फिजूल खर्ची, दहेज कुप्रथा को समाप्त करने के लिए समाज द्वारा प्रत्येक वर्ष सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाता रहा है। बताया कि उत्तर प्रदेश के अलावा इस आयोजन में अन्य प्रदेशों के सजातीय बंधु भी शामिल होंगे। इसके अलावा उन्होंने समाज के चहुंमुखी विकास में अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया है। बताया कि कार्यक्रम स्थल पर कोई भी व्यक्ति द्वारा किसी भी तरह का अस्त्र-शस्त्र लेकर या फिर किसी भी प्रकार का नशा इत्यादि करके कार्यक्रम में प्रवेश न करें।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े ही भव्य रूप में मनाया जाएगा

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

ललितपुर। ब्राह्मण महामंडल द्वारा सिद्धक्षेत्र श्रीचंडी माता मंदिर गांधीनगर में स्थित ब्राह्मण महामंडल धर्मशाला में ब्राह्मण महामंडल जिलाध्यक्ष पूर्व नपाध्यक्ष अशोक पटैरिया बद्दू एवं महामंत्री परमानंद तिवारी के संयुक्त आतिथ्य में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित विप्रजनों को अवगत कराया गया कि आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। सर्वप्रथम सुबह 10 बजे से भगवान परशुरामजी का पूजन, अभिषेक किया जाएगा। साथ ही पूजा पाठ के ब्राह्मण महामंडल धर्मशाला में प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर ब्राह्मण महामंडल जिलाध्यक्ष अशोक पटैरिया ने सभी सजातीय ब्राह्मण बंधुओं से उपस्थित रहने की अपील भी की है। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार पवन संज्ञा, पार्षद मनमोहन चौबे एड., डा.मुकेश तिवारी, ब्रजेश बबेले, ब्रजकिशोर शुक्ला, अभिषेक दुबे, रमाकान्त तिवारी, अशोक कांकर, नागेन्द्र रावत, पत्रकार प्रमोद बबेले, इं.रोहित पटैरिया ,नितिन पुरोहित, अंकित दुबे, आदर्श रावत, ओमप्रकाश अवस्थी, रामकिशोर दीक्षित, दीपक गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस लाईन पचौर में साप्ताहिक जनरल परेड का एएसपी ने किया निरीक्षण

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन जिला सिंगरौली ने पुलिस लाईन पचौर में साप्ताहिक जनरल परेड का निरीक्षण किया। प्रातः 8 बजे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का पुलिस लाईन पचौर में आगमन हुआ। जनरल परेड के दौरान सर्वप्रथम परेड की सलामी दी गई तत्पश्चात प्लाटूनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्तम वेशभूषा, टर्न आउट के लिये अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशंसा एवं ईनाम दिये गये इसके बाद मार्चपास्ट करते हुये सलामी दी गई। परेड के बाद थानों से आए शासकीय वाहनों का भी गहन निरीक्षण किया गया। वाहनों की साफ-सफाई, तकनीकी स्थिति एवं रन डायरी के रख-रखाव को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। इसके साथ ही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की व्यक्तिगत और विभागीय समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान भी सुनिश्चित किया। उन्होंने उपस्थित स्टाफ को बेहतर अनुशासन, समय की पाबंदी और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद प्रधान लेखक कक्ष, शस्त्रागार, स्टोर शाखा एवं वाहन शाखा का भी निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए आवश्यक सुधारों के निर्देश दिए। जनरल परेड में रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाईन एवं थाना चौकी क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे है।

# शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल सरई में आयोजित हुई विधिक साक्षरता शिविर

सिंगरौली। सरई-नालसा की कार्ययोजना अनुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिंगरौली हितेंद्र सिंह सिशोदिया के निर्देश में एवं तहसील सरई न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हर्षवर्धन राठौर के नेतृत्व व उपस्थिति में पैरालीगल वालंटियर शिवप्रसाद साहू द्वारा दिनांक 29 अप्रैल दिन मंगलवार शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल सरई में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन करवाया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सरई मंचासीन रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्कूल प्राचार्य ललित कुमार द्विवेदी, वही छात्राओं द्वारा मधुर गीत गाकर मुख्य अतिथि का स्वगत किया गया। मुख्य अतिथि बतौर मंचा सीन तहसील सरई न्यायाधीश हर्षवर्धन राठौर ने उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए बच्चों को बताया कि अपने लक्ष्यों को निर्धारित करें,हमें भविष्य में क्या करना है हम पढ़ कर क्या बनना चाहते हैं,हमेशा पढ़ाई करते रहना चाहिए, एग्जाम में आगर फेल हुए तो उदास नहीं होना चाहिए,निरन्तर प्रयास करना चाहिए, जैसे चींटी दीवार में बार-बार चढ़ती है और फिसलती है प्रयास नहीं छोड़ती और आखिर एक बार सफल हो जाती है।उसी प्रकार हम आगे को अपना प्रयास करते रहे। निःशुल्क विधिक सेवा,मोटर एक्ट,साइबर अपराध सहित अन्य प्रकार की कानून जानकारी दी गई।

वहीं बच्चों को समझाइश देते हुए कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करों और शिक्षकों का आज्ञाकारी बनों,शिक्षक जहां मिल जाय उनका सम्मान करिए,शिक्षा ही हमारी दौलत है शिक्षा के विना मनुष्य शून्य रहता है।जो नहीं मालूम वो अपने शिक्षकों से जानकारी ले सकते है।आगे उन्होंने कहा कि महिलाओं को पुलिस शाम छः बजे के बाद बिना वारेंट नहीं पकड़ सकती,वो भी महिला आरक्षक ही महिलाओं को किसी केश में गिरफ्तार कर सकती हैं।

# शिवसेना जिला प्रमुख विजेंद्र गोले के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**नेशनल प्रेस टाइम्स बैतूल**

बैतूल। जिले के राजेन्द्र वार्ड में स्थित आंगनवाड़ी के पास शराब दुकान संचालन के विरोध में शिवसेना ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। शिवसेना जिला प्रमुख विजेंद्र गोले ने बताया कि मुल्लाजी हाईवेयर की दुकान के पास संचालित इस आंगनवाड़ी में गरीब परिवारों के छोटे-छोटे बच्चे शिक्षा प्राप्त करते हैं। चूंकि इनके पालकों की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं है, इसलिए वे निजी प्ले स्कूल की फीस नहीं चुका सकते। इसके अलावा यहां गर्भवती महिलाएं भी नियमित रूप से आती हैं।

शिवसेना द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में यह गंभीर चिंता जताई गई कि आबकारी विभाग द्वारा इस स्थान पर शराब दुकान खोल दिए जाने से आंगनवाड़ी संचालन असंभव हो गया है। शराब की दुकान के सामने नशे की हालत में लोगों द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग और झगड़े जैसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। इसका सीधा बुरा असर बच्चों और महिलाओं पर पड़ रहा है।

शिवसेना ने यह भी उल्लेख किया कि मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के आदेश अनुसार किसी भी धार्मिक स्थल के 100 मीटर के दायरे में शराब दुकान संचालित नहीं की जा सकती है। जबकि इस स्थान के आसपास ही जैन मंदिर, बीजासनी माता मंदिर और एक मस्जिद स्थित हैं, जहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

ज्ञापन में बताया गया कि पूर्व में भी कलेक्टर बैतूल द्वारा शराब दुकान हटाने के आदेश दिए जा चुके हैं, लेकिन आज दिनांक तक उन आदेशों का पालन नहीं हुआ है और शराब दुकान यथावत चालू है।

शिवसेना ने आग्रह किया कि वार्ड में रहने वाले मासूम बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धार्मिक स्थलों की मयार्दा को देखते हुए तत्काल प्रभाव से शराब दुकान को हटाया जाए। इस अवसर पर शिवसेना ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजू चरपे, नवीन सोनी, सुरेश नामदेव, आकाश चौबे, युवराज तुमने, नगर महिला अध्यक्ष उषा अतुलकर, जगदीश पवार और शंकर मासोदकर उपस्थित रहे।

# कलयुग में शिव भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला

**नेशनल प्रेस टाइम्स बैतूल**

बैतूल। विनोबा शिव शक्ति ग्रुप एवं युवा संगठन के तत्वावधान में विनोबा वार्ड में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा के चतुर्थ दिवस 29 अप्रैल को कथा वाचिका सुश्री जया देवी ने भक्तों को संबोधित करते हुए कलयुग में शिव भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में पार्थिव शिवलिंग की पूजा अत्यंत फलदायी मानी गई है। भगवान शिव के आठ नामों का उच्चारण कर शिवलिंग की प्रतिष्ठा करनी चाहिए।



सुश्री जया देवी ने बताया कि जो व्यक्ति धन की प्राप्ति की कामना रखते हैं, उन्हें 1000 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर विधिवत पूजन करना चाहिए। सरस्वती की कृपा प्राप्त करने की इच्छा रखने वालों के लिए भी 1000 शिवलिंग का पूजन विशेष फलदायी होता है। वहीं संतान प्राप्ति की इच्छा रखने वाले दंपतियों को 1500 शिवलिंग बनाकर उनका पूजन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिव का अभिषेक करने से आत्मा की शुद्धि होती है और मन में सात्विक विचार आते हैं।

- संतों की सेवा और अतिथि सत्कार से जीवन होता है धन्य

कथा वाचिका ने कहा कि भगवान शिव की कथा कहने वाला, सुनने वाला और करने वाला तीनों ही व्यक्ति पवित्र आत्मा वाले हो जाते हैं। हमें संतों की सेवा सच्चे मन से करनी चाहिए, क्योंकि संत समाज का मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने बताया कि जब कोई अतिथि घर आता है तो उसका सत्कार करना चाहिए, यही हमारी परंपरा और धर्म का हिस्सा है।

सुश्री जया देवी ने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि सुख के समय सभी साथ रहते हैं लेकिन जब दुख आता है तो कोई साथ नहीं देता।

ऐसे समय में हमें महादेव को अपना सच्चा साथी मानकर उनकी शरण में जाना चाहिए, तभी हमारे सभी कष्ट दूर हो सकते हैं। कथा के दौरान उन्होंने दान के महत्व को भी समझाया और कहा कि धन को अच्छे कार्यों में लगाना चाहिए, तभी उसका वास्तविक लाभ मिलता है। शिव महापुराण कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और कथा का पुण्य लाभ लिया। आयोजन में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लिया और भगवान शिव की आराधना की।

# गांव-गांव और वार्ड-वार्ड जाकर आम आदमी पार्टी चलाएगी सदस्यता अभियान

## आप की सदस्यता के लिए जारी होगा एक विशेष नंबर, प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल करेंगी ऐलान

**नेशनल प्रेस टाइम्स बैतूल**

बैतूल। आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश में संगठन के विस्तार के उद्देश्य से एक प्रदेशव्यापी सदस्यता अभियान की शुरूआत करने जा रही है। पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष एवं सिंगरौली महापौर रानी अग्रवाल के दिशा-निर्देशन में यह अभियान 1 मई से 15 मई तक चलेगा। इस दौरान शहरी क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर और ग्रामीण क्षेत्रों में गांव-गांव जाकर पार्टी की विचारधारा को आमजन तक पहुंचाया जाएगा।

जिलाध्यक्ष शैलेष कुमार वाईकर ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी इस अभियान के माध्यम से लोगों को सदस्यता के लिए प्रेरित करेगी। इसके



तहत आम नागरिक एक निर्धारित मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल देकर आम आदमी पार्टी से जुड़ सकेंगे। यह विशेष नंबर 30 अप्रैल को स्वयं प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल द्वारा जारी किया जाएगा।

शैलेष कुमार वाईकर ने बताया कि यह अभियान प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ चलाया जाएगा और इसका उद्देश्य आगामी नगर पालिका एवं पंचायत चुनावों की तैयारी के तहत संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी अब गांवों और शहरों में समान रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए कमर कस चुकी है।

इसी क्रम में आज 29 अप्रैल 2025 को दिल्ली की जंगपुरा विधानसभा के पूर्व विधायक प्रवीण देशमुख का बैतूल आगमन हुआ। होटल अभाश्री में उनके स्वागत के लिए सभी पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे और उन्होंने गर्मजोशी से उनका अभिनंदन किया। प्रवीण देशमुख के दौरे को लेकर कार्यकताओं में विशेष उत्साह देखा गया। होटल आभाश्री में श्री देशमुख द्वारा सभी कार्यकर्ताओं की बैठक ली और आने वाले चुनाव की तैयारी के लिए चर्चा की गई।

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का सैनिक स्कूल झुंझुनू दौरा

# बालिका छात्रावास का किया उद्घाटन, उप मुख्यमंत्री ने कैडेट्स को दिया सेवा और समर्पण का संदेश

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को सैनिक स्कूल झुंझुनू का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सैनिक स्कूल झुंझुनू में नव निर्मित 80-बेड के बालिका छात्रावास का उद्घाटन किया तथा विद्यालय के कैडेट्स को राष्ट्र निर्माण, सेवा भावना एवं आत्मनिर्भरता का संदेश दिया।

विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य कर्नल अनुराग महाजन, स्टाफ और कैडेट्स ने उनका भव्य स्वागत किया।

अकादमिक भवन में कैडेट्स को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा मात्र एक व्यवस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने सैनिक स्कूल झुंझुनू के शैक्षणिक वातावरण, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह विद्यालय विद्यार्थियों को एक समावेशी एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करता है। उन्होंने कहा, ?यह



देखकर अत्यंत गर्व होता है कि हमारे युवा कैडेट्स अभी से सेवा भावना, नैतिकता और देशभक्ति जैसे मूल्यों को आत्मसात कर रहे हैं। यह आने वाले समय में एक सशक्त भारत का आधार बनेगा।

**बालिका छात्रावास का किया उद्घाटन**

इस दौरान उन्होंने नव निर्मित बालिका छात्रावास का उद्घाटन किया ।80-बेड वाले इस छात्रावास को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जो बालिकाओं की शिक्षा एवं विकास को सशक्त आधार प्रदान करेगा। उद्घाटन के पश्चात उपमुख्यमंत्री ने माँ सरस्वती के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की और छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने इसे केवल एक भवन न मानते हुए बेटियों के समान अवसरों की दिशा में राज्य सरकार की गंभीर प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, ?यह छात्रावास महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो बेटियों को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाएगा। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित गर्ल्स हॉस्टल में वृक्षारोपण भी किया ।

**खेलों में उत्कृष्टता की सराहना–** सैनिक स्कूल झुंझुनू की हालिया उपलब्धि–अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल फुटबॉल प्रतियोगिता-2025 में अंडर-17 बालिका वर्ग में विजेता बनने पर उपमुख्यमंत्री ने कैडेट्स से संवाद कर उन्हें बधाई दी। उन्होंने शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में विद्यालय की उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की और प्राचार्य सहित पूरे प्रशासनिक तंत्र को बधाई दी।

**स्कूल का किया निरीक्षण**

अपने दौरे के दौरान उपमुख्यमंत्री ने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया और नव निमार्णाधीन गतिविधि स्थलों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया और उपमुख्यमंत्री ने आगंतुक पंजिका में हस्ताक्षर किए ।

ये रहे मौजूद-इस दौरान 61 सब एरिया के डिप्टी जीओसी ब्रिगेडियर संदीप कुमार, सैनिक स्कूल झुंझुनू के प्राचार्य कर्नल अनुराग महाजन, झुंझुनू विधायक राजेंद्र भांबू, पूर्व सांसद नरेंद्र खीचड़, भाजपा जिला अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी सहित स्कूल स्टाफ व कैडेट्स मौजूद रहे।

# अभिभाषक परिषद बूंदी के द्वारा न्यायिक अधिकारीयों को समारोह पूर्व दी विदाई उज्वल भविष्य की कामना की



**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी 29 अप्रैल। अभिभाषक परिषद बूंदी के द्वारा 29 अप्रैल 2025 प्रातः 11 हाल ही स्थानांतरित हुए न्यायिक अधिकारी श्री बाल कृष्ण मिश्रा जी-श्रीमती अर्चना मिश्रा जी, श्री सलीम बदर साहब एवं श्रीमती नीरजा दाधीच जी का फेयरवेल प्रोग्राम अभिभाषक परिषद के सभागार में रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजय शुक्ला रहे जिनका माला पहनाकर स्वागत अध्यक्ष अभिभाषक परिषद बूंदी चंद्रशेखर शर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष अभिभाषक परिषद बूंदी चंद्रशेखर शर्मा ने की ।मंच का संचालन सचिव संजय कुमार जैन द्वारा किया गया। स्थानांतरित हुए न्यायिक अधिकारी श्री बाल कृष्ण मिश्रा जी-श्रीमती अर्चना मिश्रा जी, श्री सलीम बदर साहब एवं श्रीमती नीरजा दाधीच जी का अभिभाषक परिषद के सदस्यगण द्वारा माला पहनाकर व पुष्पगच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजय शुक्ला ने स्थानांतरित हुए न्यायिक अधिकारियों को उनके कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मंच से राजकुमार दाधीच , प्रकाश चंद भंडारी, राजकुमार माथुर ने भी न्यायिक अधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। अभिभाषक परिषद बूंदी अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि बार और बेंच के बीच इसी तरह आपसी तालमेल रहे ताकि एक दूसरे की खुशियों में इसी प्रकार शामिल होते रहे।अभिभाषक परिषद बूंदी कार्यकारिणी की और से स्थानांतरित हुए न्यायिक अधिकारियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। स दौरान अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम संख्या2 मीनाक्षी मीना, पारिवारिक न्यायाधीश सुमन गुप्ता , जिला विधिक प्राधिकरण की सचिव सरिता मीना, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनोज तिवारी,न्यायिक मजिस्ट्रेट आदित्य वशिष्ठ , न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम स. 1 सिद्धान्त सक्सेना, न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम स. 3 वृष्टि वीज,न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम स.2 यशस्वी शर्मा मौजूद रहे। कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष नारायण सिंह गॉर्ड,पुस्तकालय सचिव सुरेंद्र वर्मा , सहसचिव कविता कहार, कार्यकारिणी सदस्य नईम हुसैन, जितेन्द्र कुमार जैन अजय सिंह मीना मौजूद रहे। इनके अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश पारीक, अनुराग शर्मा, आनंद सिंह नरूका, हरीश गुप्ता,लीलाधर सिंह, नगेंद्र सिंह हाड़ा, जगदीश गुप्ता, राकेश ठाकुर, कमल कुमार जैन, शिफा उल हक आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। यह जानकारी अभिभाषक परिषद के मीडिया प्रभारी एडवोकेट अंचल राठौर ने दी।


# अभिभाषक परिषद बूंदी के द्वारा न्यायिक अधिकारीयों को समारोह पूर्व दी विदाई उज्वल भविष्य की कामना की





**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी 29 अप्रैल। अभिभाषक परिषद बूंदी के द्वारा 29 अप्रैल 2025 प्रातः 11 हाल ही स्थानांतरित हुए न्यायिक अधिकारी श्री बाल कृष्ण मिश्रा जी-श्रीमती अर्चना मिश्रा जी, श्री सलीम बदर साहब एवं श्रीमती नीरजा दाधीच जी का फेयरवेल प्रोग्राम अभिभाषक परिषद के सभागार में रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजय शुक्ला रहे जिनका माला पहनाकर स्वागत अध्यक्ष अभिभाषक परिषद बूंदी चंद्रशेखर शर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष अभिभाषक परिषद बूंदी चंद्रशेखर शर्मा ने की ।मंच का संचालन सचिव संजय कुमार जैन द्वारा किया गया। स्थानांतरित हुए न्यायिक अधिकारी श्री बाल कृष्ण मिश्रा जी-श्रीमती अर्चना मिश्रा जी, श्री सलीम बदर साहब एवं श्रीमती नीरजा दाधीच जी का अभिभाषक परिषद के सदस्यगण द्वारा माला पहनाकर व पुष्पगच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजय शुक्ला ने स्थानांतरित हुए न्यायिक अधिकारियों को उनके कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मंच से राजकुमार दाधीच , प्रकाश चंद भंडारी, राजकुमार माथुर ने भी न्यायिक अधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। अभिभाषक परिषद बूंदी अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि बार और बेंच के बीच इसी तरह आपसी तालमेल रहे ताकि एक दूसरे की खुशियों में इसी प्रकार शामिल होते रहे।अभिभाषक परिषद बूंदी कार्यकारिणी की और से स्थानांतरित हुए न्यायिक अधिकारियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। स दौरान अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम संख्या2 मीनाक्षी मीना, पारिवारिक न्यायाधीश सुमन गुप्ता , जिला विधिक प्राधिकरण की सचिव सरिता मीना, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनोज तिवारी,न्यायिक मजिस्ट्रेट आदित्य वशिष्ठ , न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम स. 1 सिद्धान्त सक्सेना, न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम स. 3 वृष्टि वीज,न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम स.2 यशस्वी शर्मा मौजूद रहे। कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष नारायण सिंह गॉर्ड,पुस्तकालय सचिव सुरेंद्र वर्मा , सहसचिव कविता कहार, कार्यकारिणी सदस्य नईम हुसैन, जितेन्द्र कुमार जैन अजय सिंह मीना मौजूद रहे।

इनके अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश पारीक, अनुराग शर्मा, आनंद सिंह नरूका, हरीश गुप्ता,लीलाधर सिंह, नगेंद्र सिंह हाड़ा, जगदीश गुप्ता, राकेश ठाकुर, कमल कुमार जैन, शिफा उल हक आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। यह जानकारी अभिभाषक परिषद के मीडिया प्रभारी एडवोकेट अंचल राठौर ने दी।


# महर्षि परशुराम की जयंती पर लगाए परिंडे



सीकर। दाँतारामगढ़ क्षेत्र के पचार गांव में कल मंगलवार को महर्षि परशुराम की जयंती के उपलक्ष में बड़ा मंदिर के महंत मुक्ति लाल शर्मा के सान्निध्य में और ठाकुर सर गंगा सिंह शेखावत के करकमलों द्वारा गढ़ चौक में स्थित कुएं के बालाजी मंदिर में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। इस मौके पर महावीर सेठी,रूड़मल शर्मा,गोविन्द सिंह शेखावत,श्रवण सिंह राठौड़, जयचन्द गुर्जर, रविन्द्र सिंह गुर्जर सहित कई गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## युवती के प्रेम विवाह के फैसले से भड़के ग्रामीण, पुलिस पर पथराव; लाठीचार्ज में भीड़ तितर-बितर

चित्तौड़गढ़ - चित्तौड़गढ़ में युवती के प्रेम विवाह के बाद पति के साथ रहने के फैसले पर परिजन और ग्रामीण गए। इसके बाद उग्र भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया, जिसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर करना पड़ा। प्रेम विवाह के एक मामले ने मंगलवार को चित्तौड़गढ़ जिले के बस्सी थाना क्षेत्र में तनावपूर्ण हालात पैदा कर दिए। जब एक युवती के पति संग रहने के फैसले से नाराज परिजन और ग्रामीण उग्र हो गए। थाने के बाहर हंगामा करते हुए उन्होंने पुलिस वाहन पर पथराव किया, जिससे गाड़ी के कांच टूट गए।

# हिंदुस्तान स्काउट गाइड के प्रदेश अध्यक्ष दिलावर का अभिनन्दन



**ब्यरो-एनपीटी**

बूंदी। हिंदुस्तान स्काउट गाइड के प्रदेश अध्यक्ष व शिक्षा व पंचायत राज मंत्री मदन दिलवर का हिंदुस्तान में भव्य आगमन पर स्काउट गाइड का अभिनंदन किया गया।

बूंदी में एक कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष व शिक्षा मंत्री मदन दिलवर को जिला सचिव लोक कुमार जैन के नेतृत्व में स्कार्फ पहनाकर अभिनंदन किया गया। जिले में हिंदुस्तान स्काउट गाइड की प्रगति की जानकारी लेते हुए शिक्षा मंत्री डेलवर ने जिलों में सक्रिय उद्देश्यों की शुभकामनाएं दीं और स्काउट गाइड के अभ्यास ऑपरेशन के निर्देश दिए। इस दौरान जिला सचिव लोकेश कुमार जैन व जिला कमिश्नर (मुख्यालय) कृष्ण कांत टेलर ने जिले में इंडियन स्काउट गाइड की गुणात्मक व संख्यात्मक चरमपंथी से अलग-अलग स्थानों पर काम किया। इस मौके पर जिला क्रेजीक्रेसी गिरधारी लाल शर्मा, जिला संयुक्त सचिव जय प्रकाश त्रिपाल, जिला पदाधिकारी निधि जैन गंगवाल, ट्रेनिंग काउंसलर आतिश वर्मा, ज्योत्सना कुमावत, मोहित वर्मा, टीना वर्मा, पिंकू कुमावत मौजूद रहे।

# समर्थन मूल्य केंद्र पर अव्यवस्थाओं पर जताया आक्रोश



**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी ।।भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमित निम्बार्क ने भारतीय खाद्य निगम के मैनेजर को ज्ञापन देकर समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद पर अवैध रूप से आढ़तियों के द्वारा किसानों से तुलाई की राशि वसूली के खिलाफ ज्ञापन दिया ।निम्बार्क ने बताया कि सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों के गेहू की तुलाई इस बार आढ़तियों द्वारा की जा रही है जो कि किसानों के गेहू को समर्थन मूल्य पर सरकारी कांटो के लियस तोल रहे है।

कल मेने भी भंवर लाल शर्मा खयावदा तह रायथल के टोकन पर 88 किवंटल गेहू की तुलाई करवाई थी उनकी जमीन मेने जवारे पर ले रखी है तब आढ़तिये द्वारा तुलाई की एवज में मुझ से 1760 रुपये लिए गए ।

बात करने और मालूम चला कि बूंदी मंडी के सभी आढ़तिये गेहू तुलाई के रुपये किसानों से ले रहे है। जितने भी किसानों से यह रुपये आढ़तिये द्वारा अवैध रूप से वसूल किये गए आढ़तिये के ू से बन रहे कमीशन से उक्त राशि काट कर किसानों के खातों में जमा करवाई जावे ।

**कार्यवाही** | राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने जयपुर जेडीए कमिश्नर को 30 अप्रैल को नई दिल्ली तलब किया

# बूंदी के कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा की शिकायत पर आयोग की कार्यवाही

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी 29 अप्रैल। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने पिछले वर्ष जयपुर में ध्वजनगर में बेसमेंट में पानी भरने से तीन लोगों की मृत्यु के मामले में दर्ज शिकायत पर 30 अप्रैल को जयपुर जेडीए कमिश्नर को नई दिल्ली राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग कार्यालय पर व्यक्तिगत तलब किया है। साथ ही आयोग के आदेश की पालना नहीं करने पर गिरफ्तारी वारंट से तलब करने की भी चेतावनी दी है।

**बेसमेंट में पानी भरने से तीन लोगो की हुयी थी म्रत्यु**

उल्लेखनीय है कि 1 अगस्त 2024 को जयपुर ध्वज नगर में बारिश का पानी भरने से बेसमेंट में तीन निर्दोष लोगों की मृत्यु हो गयी थी। जिसके बाद इस मामले में राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक पीसीसी सदस्य चर्मेश शर्मा ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग में शिकायत की थी। आयोग ने शर्मा की शिकायत पर इस मामले में केस दर्ज करते हुये जयपुर जेडीए कमिश्नर, जयपुर जिला कलेक्टर को नोटिस जारी करते हुये कार्यवाही की रिपोर्ट तलब की थी। आयोग ने राजस्थान सरकार की मुख्य सचिव को भी नोटिस जारी किया था।

**कमिश्नर ने आयोग के निर्देश के बावजूद नहीं की कार्यवाही**

मानव अधिकार आयोग के कार्यवाही के निर्देश के बाद इस मामले में जयपुर जिला कलेक्टर की ओर से आयोग में जवाब प्रस्तुत किया गया जिसमें मृत्यु का कारण भरने से डूबना बताया गया। वहीं जयपुर पुलिस की ओर से भी इस मामले में आयोग को जवाब दिया गया। लेकिन जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर इस मामले में मानवाधिकार आयोग के निर्देश के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की गयी। जिस पर आयोग ने नाराजगी जताते हुये मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 की धारा 13 के तहत 20 मार्च को जारी आदेश में 30 अप्रैल 2025 को जयपुर जेडीए कमिश्नर को इस मामले में कार्यवाही रिपोर्ट के साथ प्रातः 11 बजे नई दिल्ली राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के कार्यालय पर तलब किया है।अपने आदेश में आयोग ने यह भी कहा है कि 30 अप्रेल से सप्ताह भर पहले रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर जेडीए कमिश्नर को व्यक्तिगत उपस्थिति आदेश को स्थगित किया जा सकता है।लेकिन 30 अप्रेल को जेडीए कमिश्नर को तलब करने के आदेश को मंगलवार तक आयोग ने यथावत रखा है और स्थगित करने सम्बंधित कोई आदेश जारी नही किया है।

**गिरफ्तारी वारंट से तलब करने की चेतावनी**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने जयपुर विकास प्राधिकरण कमिश्नर को व्यकिगत उपस्थिति के आयोग के निदेर्शों की पालना नहीं करने पर गिरफ्तारी वारंट से तलब करने की चेतावनी दी है।आयोग ने अपने आदेश में कहा है कि आदेश की पालना नहीं की गयी तो आयोग अपनी संवैधानिक प्रकिया के तहत जेडीए कमिश्नर को गिरफ़्तारी वारंट से तलब कर सकता है।

**संवेदनशील विषय पर जेडीए की लापरवाही दुर्भाग्यपूर्ण – शर्मा**

इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज करवाने वाले राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने कहा कि आम लोगों के जीवन से जुड़े हुये ऐसे विषय में प्रशासनिक अधिकारियों को गंभीरता बरतनी चाहिये।शर्मा ने कहा कि यदि प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा पानी के ड्रेनेज सिस्टम को सही रखा जाता तो बेसमेंट में पानी नहीं भरता और तीन निर्दोष लोगों की जान नहीं जाती। इस मामले में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के निर्देशों के बावजूद जेडीए के द्वारा ऐसे संवेदनशील मामले में कार्यवाही नहीं करने की लापरवाही दुर्भाग्यपूर्ण है।

# वेल्डिंग की दुकान की आड में बना रहा था अवैध हथियार

## झिंझाना पुलिस ने किया हथियार फैक्टरी का भंडाफोड, संचालक समेत तीन गिरफ्तार, हथियार, उपकरण बरामद



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** झिंझाना पुलिस ने वेल्डिंग की दुकान में चल रही अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से बने, अधबने तमंचे, कारतूस व हथियार बनाने के उपकरण भी बरामद किए हैं।

मंगलवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड करते हुए एसपी रामसेवक गौतम ने बताया कि झिंझाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कस्बा ऊन के मौहल्ला सुभाषनगर निवासी शफीक पुत्र मजीद की दुकान में वेल्डिंग की आड में अवैध हथियार बनाए जाने की सूचना पर छापा मारा। पुलिस ने मौके से फैक्टरी संचालक सहित तीन आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम शफीक पुत्र मजीद निवासी मौहल्ला सुभाषनगर कस्बा ऊन, अजहर पुत्र नवाब व आरिस पुत्र यामीन निवासीगण मौहल्ला रविदासपुरी थाना गढीपुख्ता बताए। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में बने, अधबने तमंचे, कारतूस व हथियार बनाने के उपकरण भी बरामद किए हैं। पूछताछ में फैक्टरी संचालक शफीक ने बताया कि वह अपने अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए हथियार बनाता है। वहीं अजहर व आरिस ने बताया कि उन्होंने उक्त तमंचे शफीक से खरीदे हैं। एसपी ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। वहीं अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये ईनाम देनेकी भी घोषणा की गयी है, वहीं सीओ कैराना को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करने की घोषणा की गयी है।

## पहलगाम हमले में निर्दोष लोगों की हत्या पर आक्रोश

शामली। पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल व राष्ट्रीय व्यापारी संगठन (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन घनश्यामदास गर्ग ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के 26 निर्दोष लोगों की हत्या से क्षुब्ध देश के सभी छोटे बडे 9 करोड व्यापारियों ने पाकिस्तान के साथ व्यापार करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होने सरकार से मांग की कि आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। सुभाष चौक स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक में घनश्यामदास गर्ग ने कहा कि देश का 9 करोड़ व्यापारी पूरी तरह से भारत सरकार के साथ है। उन्होंने बताया कि भुवनेश्वर में संपन्न हुई कैट की राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की बैठक में देशभर के सभी राज्यों से आए व्यापारी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस दिल दहलाने वाली घटना के विरोध में देश के छोटे बड़े 9 करोड़ व्यापारी कारोबारियों ने पाकिस्तान के साथ अपने व्यापार पूरी तरह बंद करने का ऐलान किया है ताकि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चौपट कर उसे इस घिनौनी करतूत का सबक सिखाया जा सके।

# यमुना में डूबे दोनों युवको के 36 घंटे बाद मिले शव

## गत रविवार को डूबे थे, तीन युवक बिना पोस्टमार्टम के स्वजन शव को साथ ले गए

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कैराना :** यमुना नदी में डूबे हरियाणा के दो युवकों का शव करीब 36 घंटे बाद बरामद कर लिया गया है। शव मिलने पर स्वजन में कोहराम मच गया। स्वजन बिना किसी कार्रवाई के शव को अपने साथ ले गए। वहीं एक दिन पूर्व एक युवक का शव बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम के उपरांत शव को स्वजन से सौंप दिया। गत रविवार को पानीपत के वार्ड संख्या 12 की वीरनगर कालोनी निवासी चौबीस वर्षीय राकेश, तीस वर्षीय पिंटू व उन्नीस वर्षीय श्यामू अपने मित्रों व स्वजन के साथ में यमुना में नहाने के लिए आए थे। वह हरियाणा की ओर स्थित पुल से दूर यमुना में नहाने लगे। वहां पर कुछ अन्य लोग भी स्नान कर रहे थे। इसी दौरान तीनों यमुना के गहरे कुंड में डूबने गए थे। युवकों को डूबता देख बाहर बैठे सूरज, राजेश व अजय ने उन्हें डूबता देख शोर मचा दिया। लेकिन वह गहरे पानी में



समा गया। सूचना पर यमुना ब्रिज पुलिस चौकी पुलिस को सूचना दी गई, जिस पर चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। वहीं सीओ जितेंद्र कुमार व अपराध निरीक्षक कमल किशोर पुलिसकर्मियों ने आसपास के गांवों से निजी गोताखोरों को मौके पर बुलाया और यमुना में डूबे युवको की तलाश शुरू कराई। मंगलवार को राकेश व पिंटू के शव को गोताखोरों की टीम ने बाहर निकाला। दोनों युवकों के शव बरामद होने के बाद स्वजन में कोहराम मच गया। सोमवार की सायं श्यामू के शव को यमुना से बरामद कर लिया गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज था। उसके बाद स्वजन अंतिम संस्कार करने के लिए साथ ले गए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि यमुना में डूबे दोनों युवकों के शव को बरामद किया गया हैं।

# भूमि विवाद को लेकर तनातनी: महिलाओं से अभद्रता

### ■ रात-रात भर खेतों की रखवाली कर रहे पीड़ित



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**चौसाना।** भडी कोरियान गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में तनाव गहराता जा रहा है। गांव की एक महिला ने पचास से अधिक लोगों पर मिलकर उसकी खरीदी हुई भूमि पर कब्जा करने और विरोध करने पर मारपीट व महिलाओं से अभद्रता करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामला बढ़ता देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। गांव भडी कोरियान निवासी सरला देवी ने चौसाना चौकी क्षेत्र में स्थित भूमि खसरा नंबर 583/01/02 को खरीदा था और बीते कुछ समय से उसमें खेती कर रही हैं। सरला देवी का आरोप है कि गांव के दूसरे समुदाय के कुछ लोग उनकी भूमि पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। बीती रात्रि के समय लगभग पचास लोग लाठी-डंडों के साथ उनके खेत में पहुंचे और वहां मौजूद महिलाओं को खदेड़ कर कब्जा करने का प्रयास किया गया। सरला देवी ने बताया कि जब महिलाओं ने विरोध किया तो उनके साथ बदसलूकी और अभद्रता की गई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए दोनों पक्षों को समझाकर शांति व्यवस्था बहाल की। पीड़िता का कहना है कि भूमि को लेकर विवाद बीते दो सप्ताह से चल रहा है। प्रतिदिन किसी न किसी बहाने से दूसरे पक्ष के लोग उनके खेत में घुसने का प्रयास करते हैं। वहीं पीड़िता ने चौसाना पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। थानाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया मामला चौसाना चौकी क्षेत्र का है। चौकी प्रभारी को आवश्यक जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस का कहना है कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में सतर्कता बरती जा रही है और दोनों पक्षों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

## भाजपा घर-घर जाकर बताएगी वक्फ बिल संशोधन के फायदे

शामली। मंगलवार को भाजपा जिला मुख्यालय पर प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल ने कहा वक्फ बिल संशोधन गरीब मुस्लिम कल्याण के लिए लाया गया गया है। कांग्रेस ने बिल में संशोधन कर इसके स्वरूप को बिगाड़ दिया था। पूरे देश में वक्फ की 37.8 लाख एकड भूमि है जिससे एक खबर की आय हो सकती थी लेकिन दुर्भाग्य से यह आए सिर्फ 166 करोड़ रुपये है। कांग्रेस के कुछ बड़े नेताओं के अलावा अन्य विपक्षी नेताओं ने वक्फ की भूमि पर कब्जा जमाए रखा है। वक्फ के दावों को लेकर जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल ने कहा कि कई मामलों में आया है कि जहां कुछ लोगों ने कुछ समय के लिए किसी गैर मुस्लिम की भूमि को किराए लिया बाद उस भूमि पर वक्फ यह कहकर दावा करता है यह धार्मिक कार्य के लिए वक्फ की गई है।

# रात्रि में घर में घुसकर दबंगों ने मचाया तांडव, आधा दर्जन घायल



### ■ प्रधान पद के लिए चुनाव की तैयारी कर रहे एक व्यक्ति सहित कई लोगों पर लगाया आरोप

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कांधला।** थाना क्षेत्र की नई बस्ती स्थित मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी नदीम ने बताया कि मध्य रात्रि लगभग 3 बजे अचानक से लाइट चली जाने के बाद पीड़ितों के घर में आधा दर्जन से भी अधिक व्यक्ति घुस गए। दबंगों ने हाथों में लाठी - डंडे तलवार एवं बेल्ट हाथों में लेकर आए और अंधेरे का फायदा उठाकर अंधाधुंध जमकर तांडव मचाया। शोर शराबा होने पर सभी आरोपी अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए फरार हो गए। शोर-शराबा होने पर मोहल्ले के लोग भी आ गए और घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि कांधला देहात से प्रधान पद के लिए चुनाव की तैयारी कर रहे हैं एक दबंग प्रॉपर्टी डीलर के इशारे पर दबंगों ने मारपीट की है। आरोपी प्रॉपर्टी डीलर के इशारे पर पुलिस द्वारा उनकी कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। दबंग प्रॉपर्टी डीलर ने उल्टा पीड़ितो के विरुद्ध आरोपियों का फर्जी मेडिकल कराने के बाद थाने पर तहरीर दे दी। मारपीट के दौरान पीड़ित सहित परिवार के आधा दर्जन महिला पुरुष व बच्चे घायल हो गए सभी घायलों ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद दो लोगों के विरुद्ध नामजद एक दर्जन से अधिक अज्ञात लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## संक्षेप समाचार :

### आंतकी हमले में मारे गए लोगों को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि



झिंझाना। डी सेन्ट पब्लिक स्कूल में छात्र छात्राओं द्वारा पहलगांव में आतंकवादी घटनाक्रम में मारे गए लोगों की दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर दो मिनट का मौन रखा गया। मंगलवार को प्रार्थना सभा में सुबह के समय स्कूल के छात्रों ने पहलगाम में मारे गए लोगों की दिवंगत आत्माओं की शांति लिए ईश्वर से प्रार्थना कर सभी ने दो मिनट का मौन धारण किया। सभा स्थल पर विद्यालय प्रधानाचार्या संतोष देवी ने कहां कि इस निर्मम, घृणित और अमानवीय घटनाक्रम की जितनी निंदा की जाए कम है, इस घटना ने पूरी मानवता को झकझोर कर रख दिखा। उन्होंने सरकार से दोषियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

### व्यापारी ने लगाया तीन लोगों पर रुपए नहीं देने का आरोप

कांधला। मंगलवार को नगर के मोहल्ला शेखजादगान निवासी तौसिफ ने बताया कि वह पुरानी सब्जी मंडी में कपड़े की दुकान कर अपना व्यापार करता है। व्यापारी का आरोप है कि मोहल्ला खेल निवासी तीन लोग उसके यहां से कपड़ा खरीद कर फेरी करने के लिए आते हैं। पीड़ित ने उक्त लोगों को एडवांस में ₹35000 दे रखे हैं। आरोप है कि आरपी कई माह से ना तो उसके यहां से कपड़ा खरीद रहे हैं और ना ही उसके यहां पर आते हैं रुपए मांगने पर गाली-गलौज करते हैं।

### चचेरी बहन व युवक की फोटो इंस्टाग्राम पर डाली

कांधला। थाना क्षेत्र के मौहल्ला शेखजादगान निवासी युवक ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने इंस्टाग्राम आईडी पर पीड़ित युवक व उसके चाचा की पुत्री का फोटो बदनाम करने की नीयत से वायरल कर दिया। कस्बे के लोगों ने पीड़ित युवक को मामले की जानकारी दी। घटना के बाद परिवार के लोग भारी तनाव में आ गए। जिसके चलते पीडित ने थाने जाकर पुलिस को मामले की शिकायत करते हुए आरोपी व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

### परशुराम जन्मोत्सव पर मंदिर शिखर पर कलश किया स्थापित

कांधला। मंगलवार को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर कस्बा एलम स्थित शिव मंदिर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष में मंदिर को सुगंधित पुष्पों से सजाकर यज्ञ का आयोजन किया गया। ब्राह्मण समान द्वारा श्री प्राचीन शिव मन्दिर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। साथ ही परशुराम मंदिर के शिखर पर विधिवत पूजा संपन्न होने के पश्चात पवित्र कलश की स्थापना की गई।प्राचीन शिव मन्दिर समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा व कोषाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा आदि ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे, इस मौके पर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम ने अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया, निरंकुश, दुराचारी, दुरतान्त, पापी राक्षस व राजाओं से पृथ्वी से विहीन उर शांति और सनातन धर्म की स्थापना की।

### शहर के विकास के लिए दस करोड के प्रस्ताव पारित

शामली। मंगलवार को नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल की अध्यक्षता में पालिका सभागार में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। बैठक से पूर्व जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की हत्या पर आक्रोश जताते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसके बाद तहसीलदार शामली की निगरानी में सुबह 11 बजे बोर्ड बैठक शुरू हुई। बैठक में 25 सभासदों के सापेक्ष 20 सभासद मौजूद रहे। बोर्ड बैठक मं वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भवन कर व जलकर में छूट को सर्वसम्मति से पारित किया गया जिसमें 30 जून तक टैक्स जमा कराने पर 15 प्रतिशत एवं 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक 10 प्रतिशत व 1 अक्तूबर से 31 दिसम्बर तक 5 प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया। नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने बताया कि आने वाले समय में शहर के सभी भवनों का वार्डों के अनुसार जीआईएस सर्वे कराया जाएगा जिसके बाद सभी भवनों को एक फिक्स नंबर दिया जाएगा। शहर में जाम की समस्या को लेकर मल्टीलेयर पार्किंग बनवाई जाएगी तथा भीषण गर्मी को देखते हुए शहर के मुख्य स्थानों पर दस वाटर कूलर, ठंडे पानी की मशीन लगाई जाएगी।

# दो माह बाद भी चोरी का खुलासा नहीं कर पाए किलागेट इंचार्ज

## गत 23 फरवरी की रात्रि किलागेट चौकी के सामने सराय मैदान में अज्ञात चोरों ने आधा दर्जन गाड़ियों से चुराए थे पार्ट

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कैराना।** अंधेरे में बदमाशों पर सटीक निशाना लगाकर उनको सबक सिखाने वाली खाकी कैराना में चोरों को पकड़ने के लिए हांफ रही है। दो माह बीत जाने के बाद भी किलागेट चौकी इंचार्ज चोरी का खुलासा तो दूर की बात अज्ञात चोरों की परछाई तक नही छू पाए हैं।अपने दुर्व्यवहार को लेकर अक्सर चचाओं में रहने वाले चौकी इंचार्ज अपने कार्य क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम हैं।

विगत 23 फरवरी की रात्रि अज्ञात चोर किलागेट चौकी से चंद कदमों की दूरी पर सराय मैदान में खड़े वाहनों से बैटरी, स्टेफनी व टायर चुराकर फरार हो गए थे। रात्रि के समय गश्त का दम भरने वाली किलागेट पुलिस चौकी को कानों कान भी घटना के बारे में खबर नही लगी थी। प्रता चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया था। आनन-फानन में पुलिस हरकत में आ गई थी और पुलिस अज्ञात चोरों तक पहुंचने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही थी,मगर दो माह बीत जाने के बाद भी किलागेट चौकी इंचार्ज आनन्द कुमार चोरी की इस बड़ी घटना का खुलासा तो दूर की बात अज्ञात चोरों की परछाई तक नहीं छू पाए हैं।पूरी रात अज्ञात चोरों ने सराय मैदान में खड़ी गाड़ियों में जमकर उत्पात मचाया था और किलागेट पुलिस सोती रही थी। अज्ञात चोर गाड़ियों के शीशे तोडकर कीमती पार्ट,बैटरी व टायर चोरी कर ले गए थे। चोरी की घटना के संबन्ध में पीड़ितों द्वारा कोतवाली पर तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। दो माह बीत जाने के बाद भी पीड़ितों को आजतक इंसाफ नहीं मिला है।

**वर्ष 2023 में भी दिया गया था घटना को अंजाम**

वाहनों से बैटरी व टायर चोरी करने का यह पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी 11 अगस्त वर्ष 2023 की रात्रि कस्बे के मोहल्ला इकबालपुरा में स्थित खाली प्लॉट में खड़ी लगभग नौ ट्रैक्टर ट्रालियों से पिकअप सवार अज्ञात चोरों ने रिम सहित टायर निकाल लिए थे,हालांकि समय रहते टैक्टर चालकों को घटना की जानकारी मिल गई थी।उन्होंने चोरों का पीछा भी किया था, मगर सफल नहीं हो पाए थे।घटना के बाद पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगालती तक ही सीमित रह गई थी।

# विधवा महिला सहित उसके बच्चों के साथ दबंगों ने की मारपीट

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सल्हाखेडी निवासी विधवा महिला ने पड़ोस के ही कई महिलाओं सहित कई पुरुषों पर पीड़िता उसके पुत्र और पुत्री के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते ही आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव सल्हाखेड़ी निवासी विधवा महिला फरजाना पत्नी सलीम ने बताया कि सोमवार को वह अपने पुत्र नसीम के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर शामली के निजी अस्पताल में दवाई लेने के लिए गई हुई थी। घर पर उसकी पुत्री सुल्ताना अकेली थी। आरोप है कि उसकी अकेली पुत्री के साथ मोहल्ले के ही कई पुरुषों व महिलाओं ने घर में घुसकर जमकर मारपीट की थी। पीड़िता देर शाम अपने घर पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ भी गाली-गलौज की। मंगलवार को



फिर से आरोपियों ने एक राय होकर पीड़िता को गली में पकड़ लिया और उसके साथ जमकर मारपीट की जब उसका पुत्र व पुत्री छुड़ाने के लिए आए तो आरोपियों ने उनके साथ भी जमकर लाठी डंडों व लात-घूंसों से मारपीट की। मारपीट का वीडियो किसी ने अपने मोबाइल में बना लिया। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर और वीडियो उपलब्ध कराते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# घायल युवक सरफराज से मिलने अलग-अलग समय पर पहुंचीं तीनों प्रमुख हस्तियां

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली चौसाना।** क्षेत्र के ग्राम टोडा में बीते रविवार को हुए नृशंस कुल्हाड़ी हमले में घायल सरफराज से मंगलवार को अलग-अलग समय पर देशभर से तीन प्रमुख समाजसेवी मिलने पहुंचे। इन सभी ने अपने-अपने स्तर पर सरफराज और उसके परिवार को आर्थिक और कानूनी मदद देकर इंसानियत की मिसाल पेश की। सबसे पहले पहुंचे ल उ (ह्यूमनिटी यूथ क्लब) हैदराबाद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सलमान खान। उन्होंने पहले पीड़ित परिवार से मिलकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया उसके बाद सीधे अस्पताल पहुंचकर घायल सरफराज से मुलाकात की और उसकी हालत के बारे में जानकारी ली। सरफराज के हौसले को मजबूत करने के लिए सलमान ने उसे 1 लाख रुपये का चेक भेंट किया, ताकि वह अपने लिए बन रहे घर को पूरा कर सके। इतना ही नहीं, हमले के वक्त सरफराज के साथ मौजूद 3 वर्षीय मासूम बालक से भी सलमान ने गांव में ही मुलाकात की, उसे गोद में उठाकर उसके चेहरे पर मुस्कान लाने की



कोशिश की दुखद से सहमा हुआ है मासूम। गाजियाबाद के सोशल मीडिया कार्यकर्ता मोहम्मद कैफ, जो अपने प्रभावशाली ऑनलाइन नेटवर्क और जनसहयोग अभियानों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने पीड़ित के पिता इकबाल को 51,000 रुपये का चेक सौंपा और भरोसा दिलाया कि वह इस मामले को सोशल मीडिया पर पूरी ताकत से उठाएंगे, ताकि पीड़ित को न्याय जल्द मिल सके। शाम होते-होते मेरठ से जमीयत उलमा-ए-हिंद के सक्रिय सदस्य बदर अली भी टोडा पीड़ित परिवार से मिलकर हॉस्पिटल हाल-चाल जानने पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से कहा कि कानूनी लड़ाई की पूरी जिम्मेदारी जमीयत उठाएगी-वकील, कोर्ट फीस, सभी कानूनी प्रक्रियाएं निःशुल्क करवाई जाएंगी। बदर अली ने आश्वासन दिया कि वह व्यक्तिगत रूप से मामले की निगरानी करेंगे। इन तीनों प्रमुख हस्तियों की मानवीय पहल से न सिर्फ पीड़ित परिवार को राहत मिली, बल्कि पूरे क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश गया इंसानियत अभी जिंदा है। परिवार ने तीनों समाजसेवियों का हृदय से आभार जताया और कहा कि उनका यह सहयोग याद रखा जाएगा।

## शामली के खिलाडियों शौर्य वर्मा व वीर वर्मा ने लखनऊ में जीते पदक

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
शामली। एजेंवर्स फाइट क्लब के दो खिलाडियों ने लखनऊ में आयोजित स्टेट कराटे चैम्पियनशिप में रजत व कांस्य पदक जीतकर शामली जिले का नाम रोशन किया है। मंगलवार को क्लब पहुंचने पर दोनों खिलाडियों का भव्य स्वागत किया गया।

जानकारी के अनुसार एजेंवर्स फाइट क्लब के कोच शिवांश भार्गव ने बताया कि क्लब के दस खिलाडियों ने 25 से 27 अप्रैल तक लखनऊ के चौक स्टेडियम में आयोजित स्टेट कराटे चैम्पियनशिप में प्रतिभाग किया। चैम्पियनशिप में क्लब के खिलाडी शौर्य वर्मा ने 30 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक व वीर वर्मा ने 35 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर क्लब व शामली जिले का नाम रोशन किया। मंगलवार को क्लब पहुंचने पर दोनों खिलाडियों का भव्य स्वागत किया गया।

**आवश्यकता है**

दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना बिडौली ऊन चौसाना बाबरी गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
**आदिल राणा**
जिला प्रभारी शामली
91-9082190000,
91-9997173786

# जिले में धूमधाम से मनाई भगवान परशुराम जयंती

शामली। मंगलवार को भगवान परशुराम की जयंती जिलेभर में उल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर अनेक स्थानों पर कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। श्री मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम प्रबंधक समिति द्वारा परशुराम जयंती पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के लोगों ने हवन यज्ञ में आहुति देकर भगवान परशुराम के आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। बाद में प्रसाद वितरण व महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर विजय कौशिक, अनराग शर्मा, पुनीत द्विवेदी, शरद द्विवेदी, राकेश शर्मा मौजूद थे।

# दहेज उत्पीड़न और तीन तलाक के मामले में 5 के विरुद्ध अभियोग

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कांधला।** थाना क्षेत्र के नई बस्ती निवासी विवाहिता महिला के साथ ससुराल पक्ष द्वारा दहेज उत्पीड़न व पति द्वारा तीन तलाक देने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र की नईबस्ती निवासी जुलफान ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसने अपनी पुत्री तरन्नुम का निकाह लगभग डेढ वर्ष पूर्व शाहरुख पुत्र शाहदीन निवासी ग्राम गन्दराऊ थाना कैराना जनपद शामली के साथ किया था। पीड़ित ने अपनी हैसियत से बढकर लगभग छः लाख रुपये का दान दहेज दिया था, मगर पीड़ित के द्वारा दिए गए दान दहेज से तरन्नुम के ससुराल पक्ष के लोग खुश नही थे। जिसके कारण तरन्नुम के ससुराल पक्ष के लोग उसे शुरू से ही मानसिक व शारीरिक रुप से उसका उत्पीडन करने लगे। निकाह के बाद पुत्री तरन्नुम ने एक पुत्री को जन्म दिया जिसके बाद तरन्नुम के पति शाहरुख के साथ उसके परिजन फारुख, मुनीर पुत्रगण शाहदीन, सहिना पत्नी वसीम पुत्री शाहदीन लडकी होने के कारण और ज्यादा उत्पीडन करने लगे। तथा पीड़ित की लडकी से एक बाइक व पचास हजार रुपए की मांग करने लगे, उनकी बात ना मानने पर तीन तलाक देकर पीड़िता सहित उसकी पुत्री को घर से निकाल देने की धमकी देने लगे। उनकी मांगों को पूरा ना कर पाने के कारण तरन्नुम की ससुराल पक्ष के लोगों ने एक माह पूर्व उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिया था। आरोप है कि बीते सोमवार को पीड़िता के घर पर शाहरुख व फारुख, मुनीर पुत्रगण शाहदीन निवासी गन्दराऊ व साहिना पत्नी वसीम पुत्री शाहदीन निवासी ग्राम भूरा नई बस्ती मुस्तफाबाद आए और पुत्री के साथ गाली गलौच कर मारपीट करते हुए 50 हजार रुपये और मोटरसाईकिल की मांग करने लगें। पीड़िता के द्वारा विरोध किया तो मुनीर ने पीड़ित की पुत्री को गलत नियत से दबोच लिया तथा उसके कपडे फाड दिए इसी बीच पति शाहरुख ने मौके पर ही पुत्री को तीन तलाक दे दिया, शोर शराबा सुनकर आस पडोस के लोग मौके पर आ गए । उक्त लोगों को आता देख सभी लोग पीड़ित की पुत्री को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के संबंध में पीड़ित पिता ने घायल पुत्री का उपचार कराने के बाद पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# केन्द्र सरकार ने डीजीपी अनुराग गुप्ता के एक्सटेंशन पर लगायी रोक, सस्पेंस का आलम

**एनपीटी ब्यूरो**

झारखण्ड से एक बड़ी खबर है। हेमन्त सरकार को केन्द्र सरकरा से बड़ा झटका लगा है। केन्द्र सरकार ने झारखण्ड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के सेवा विस्तार पर रोक लगा दी है। जाहिर है अब नये डीजीपी का चुनाव हेमन्त सोरेन सरकार को करना होगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के विदेश से लौटने के बाद राज्य सरकार इस मामले पर निर्णय लेगी। इसके अलावे, बाबूलाल मरांडी ने अनुराग गुप्ता की नियुक्ति के खिलाफ हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की है, जिस पर 19 जून को सुनवाई होगी। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने 30 अप्रैल को डीजीपी अनुराग गुप्ता को सेवानिवृत्त करने का पत्र राज्य सरकार को भेजा है। अनुराग गुप्ता की रिटायरमेंट 30 अप्रैल को ही निर्धारित है। केन्द्र ने स्पष्ट रूप से झारखण्ड सरकार को निर्देश दिया है कि उन्हें



अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जाए। केन्द्र सरकार के इस निर्देश के बाद ब्यूरोक्रेसी में असमंजस की स्थिति बन गयी है। अब अनुराग गुप्ता का हटना तय है, लेकिन उनके विकल्प के तौर पर किसका चयन किया जायेगा, इसे लेकर सस्पेंस बन गया है। वही 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता को 26 जुलाई 2024 को प्रभारी डीजीपी बनाया गया था। हालांकि, झारखण्ड विधानसभा चुनाव के समय चुनाव आयोग के आदेश पर उन्हें डीजीपी के पद से हटा दिया गया था। 28 नवंबर 2024 को हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में सरकार गठन होते ही उन्हें फिर से एक बार प्रभारी डीजीपी बनाया गया। इसके बाद 3 फरवरी 2025 को झारखण्ड के प्रभारी डीजीपी के रूप में कार्य कर रहे अनुराग गुप्ता को झारखण्ड का नियमित पुलिस महानिदेशक नियुक्त करने से सम्बन्धित नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया। उनके नियुक्ति दो वर्षों के लिए होगी, यह उस वक्त के नोटिफिकेशन में लिखा गया था।

# पाकुड़ में एसीबी की दबिश, घूस लेते पंचायत सचिव गिरफ्तार

**एनपीटी ब्यूरो**

झारखण्ड के पाकुड़ से एक बड़ी खबर प्रकाश में आया है। एंटी करप्शन ब्यूरो यानी एसीबी की टीम ने ने घूस लेते पंचायत सचिव को रंगे हाथ ब्लॉक कैंपस में ही गिरफ्तार करने के पश्चात एसीबी की टीम ने जमशेरपुर पंचायत के सचिव वतन कुमार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कक्ष में ले गये और कागजी प्रक्रिया करने के पश्चात उन्हें साथ ले गये । बताया जा रहा है कि शिकायतकर्ता से पंचायत सचिव वतन कुमार ने मनरेगा सिंचाई कूप निर्माण के ऐवज में ?20000 घुस मांगा था। शिकायतकर्ता के द्वारा जैसे ही ब्लॉक कैंपस में स्थित चाय दुकान के पास ?10000 पंचायत सचिव को दे रहे थे कि एसीबी की टीम ने पंचायत सचिव रतन कुमार को घूस



लेते रंगे हाथ दबोच लिया। तब तक तीन-तीन गाड़ी से आये अधिकारी और सुरक्षा बल सहित डीएसपी रंग के अधिकारी भी पहुंच गये। गिरफ्तार करने के समय तक किसी को भनक भी नहीं लगा कि क्या हो रहा है। लेकिन धीरे-धीरे लोग एकत्रित हो गये । साथ ही प्रखण्ड के कर्मी अधिकारी और आम लोगों की भीड़ जुट गई। सूत्रों का कहना है कि एसीबी की टीम सुबह ग्यारह बजे के आसपास ही पाकुड़ में दबिश दी थी और लगभग 4:30 घंटा तक शिकायत की सत्यापन के कार्रवाई में जुटे रहे और अन्ततः शिकायतकर्ता के द्वारा ?10000 घूस देने के दौरान रंगे हाथ घूस लेते हुए पंचायत सचिव वतन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार के दौरान पंचायत सचिव वतन कुमार हैरान हो गये कि माजरा क्या है। लेकिन जैसे ही भनक लगे लोग भी जुट गये और ब्लॉक में हरकंप मच गया।

# अपने हिंदी मूवी यूनिवर्स का विस्तार किया-एसपीएनआई

**एनपीटी**

रांची, सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने हिंदी मूवी ब्रॉडकास्ट स्पेस में अपनी उपस्थिति को और सशक्त करते हुए अपने नए चैनल सोनी मैक्स 1 की घोषणा की है, जिसे लीनियर टीवी दर्शकों के लिए सिनेमाई अनुभव को और भी ऊंचा उठाने के उद्देश्य से लॉन्च किया जा रहा है। फिल्मों का ऐसा चस्का, जो देखे हक्का-बक्का जैसी जोशीली टैगलाइन के साथ यह चैनल दर्शकों के मनोरंजन के लिए फिल्मों का एक दिलचस्प और विशेष रूप से तैयार किया गया मिश्रण लेकर आ रहा है। सोनी मैक्स 1, 1 मई 2025 से देशभर के प्रमुख डीटीएच और केबल प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित होने के लिए तैयार है, और यह हिंदी फिल्मों के प्रेमियों के लिए पसंदीदा डेस्टिनेशन बनने की ओर अग्रसर है। तुषार शाह, सीएमओ एवं बिजनेस हेड - मूवीज, रीजनल और इन्फोटेनमेंट चैनल्स, सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई), प्रभावशाली ब्रांड्स विकसित करने की विरासत और दर्शकों की पसंद की गहरी समझ के साथ, सोनी मैक्स 1 का लॉन्च हमारे हिंदी मूवीज क्लस्टर के विस्तार की दिशा में एक अहम कदम है। आज के दर्शकों के लिए प्रासंगिक है, पारिवारिक संवेदनाओं पर आधारित है और आनंद के लिए डिजाइन किया गया है। सोनी मैक्स 1 विभिन्न शैलियों की लोकप्रिय फिल्मों की एक रोचक श्रृंखला पेश करता है।

# प्रखण्ड कार्यालय में आयोजित की शोक सभा, सरकार से की मांग

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), पाकुड़ प्रखण्ड के सहायक अभियंता श्याम दत्त शुक्ल के आकस्मिक निधन पर बीपीओ अजीत कुमार टुडू की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में पाकुड़ प्रखण्ड में कार्यरत मनरेगा कर्मी, जनसेवा अन्य ने भी हिस्सा लिया। सभी ने आकस्मिक निधन हुए सहायक अभियंता श्याम दत्त शुक्ल के आत्मा के शान्ति के लिए मौन धारण करने के पश्चात ईश्वर से प्रार्थना की। वही बीपीओ अजीत कुमार टुडे ने बताया कि सहायक अभियंता श्याम दत्त शुक्ल का आकस्मिक के निधन होने से मनरेगा कर्मी सहित जिले के तमाम कर्मी - अधिकारी आहत है। हम सभी कर्मी शोकाकुल परिवार के साथ है और पीड़ित परिवार के सहानुभूति में हम सभी सदा



तत्पर है। अजीत कुमार टुडू ने कहा कि बहुत ही अफसोसजन बात है कि हम सभी मनरेगा कर्मी स्थाई कर्मी के जैसे ही सरकारी गाइडलाइन के मुताबिक दायित्व का निर्वहन करते हुए आ रहे हैं। लेकिन लंबे समय से कार्यरत रहने के बावजूद भी संतुष्टि की मूलभूत सुविधाओं से हम मनरेगा कर्मी वंचित है। मनरेगा कर्मी की निधन पर आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर बहाली करने की सुविधा से वंचित रखी गई है। साथ ही मनरेगा मजदूर की मौत होने पर उन्हें आर्थिक सहायता के रूप में सहयोग दी जा रही है। लेकिन मनरेगा कमी के लिए ऐसी कोई व्यवस्था अभी तक सरकार द्वारा नहीं की गई है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार हमें स्थाई कर्मी के जैसा ही सुविधाएं देने के के साथ मनरेगा कर्मी की निधन के पश्चात उनके आश्रितों को भी अनुकंपा के आधार पर बहाली करने की सुविधा दी जाने प्रावधान सुनिश्चित की जाए।

# एचसीएलफाउंडेशन ने 2025 एचसीएलटेक ग्रांट के विजेताओं की घोषणा की

**एनपीटी ब्यूरो**

रांची, एचसीएलफाउंडेशन जो भारत में वैश्विक प्रौद्योगिकी कम्पानी एचसीएलटेक के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एजेंडे को आगे बढ़ाता है, ने आज एचसीएलटेक ग्रांट के 2025 संस्करण के विजेताओं की घोषणा की। एचसीएलटेक ग्रांट शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और पर्यावरण के क्षेत्र में परिवर्तनकारी बदलाव लाने वाले भारतीय गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) का समर्थन करता है। इस वर्ष, एचसीएलटेक ग्रांट को देश भर के एनजीओ से 13,925 से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए। प्रत्येक श्रेणी में तीन विजेता एनजीओ को उनकी प्रभावशाली परियोजनाओं के लिए 5 करोड़ का अनुदान दिया जाता है और प्रत्येक श्रेणी में छह उपविजेता एनजीओ को 25 लाख का अनुदान दिया जाता है। आज तक, एचसीएलफाउंडेशन ने अधिक प्रभाव वाली परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए एचसीएलटेक ग्रांट पहल के माध्यम से 152.8 करोड़ का पुरस्कार दिया है। अपने 10वें संस्करण में, एचसीएलटेक ग्रांट ने 22 राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों के 142 जिलों में 59 परियोजनाओं का समर्थन किया है। एचसीएलटेक ग्रांट जूरी (भारत और अमेरिका) की अध्यक्ष और एचसीएलटेक की पूर्व बोर्ड सदस्य रॉबिन अब्राम्स, एनजीओ जमीनी स्तर पर बदलाव लाने, वंचित समुदायों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने और सतत विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनकी लगन और अथक प्रयास जीवन को बदलने, अवसर पैदा करने और लचीले समाजों का निर्माण करने में मदद करते हैं।

एचसीएलफाउंडेशन में हमें इन उल्लेखनीय संगठनों का समर्थन करने, उन्हें अपने प्रभाव का विस्तार करने और स्थायी बदलाव लाने के लिए सशक्त बनाने का सौभाग्य प्राप्त है। एचसीएलटेक ग्रांट जैसी पहलों के माध्यम से, हम अभिनव समाधानों को पोषित करने और सार्थक और मापनीय परिणाम देने के लिए एनजीओ की क्षमता को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# रूपा बंदना किरो ने वृद्धा आश्रम व बाल आश्रय गृह का लिया जायजा

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़, झालसा रांची के निदेशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर डालसा सचिव रूपा बंदना किरो द्वारा पाकुड़ जिला के सनाजोड़ी में स्थित (ओल्ड एज होम ) वृद्धा आश्रम व चापादंगा स्थित बाल आश्रय गृह का निरीक्षण किया गया। जिसमें ज़िला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सचिव रूपा बंदना किरो द्वारा ओल्ड एज होम के स्थिति जैसे पानी के सुविधा , साफ सफाई, मेडिकल जांच समेत खानपान की बारीकी से जांच कर अवगत हुए। सभी वृद्ध महिला, पुरूष से बात कर उनके समस्या एवम् सुविधा के बारे में जानकारी ली। सभी के रहने का वार्ड का भी निरक्षण किया गया। खिड़की का टूटा शीशा को जल्द से जल्द मरमती को लेकर कहा गया। खिड़की के टूटे शीशा को दुरुस्त कराने को लेकर संचालक द्वारा बताया गया कि काम चल रहा है। इससे पूर्व में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह द्वारा करवाई को लेकर आवश्यक निर्देश दिया गया था। जिससे मरमती का कार्य हो रहा है इस दौरान उपस्थित वृद्ध के बीच फलों का वितरण किया गया। वृद्धाश्रम के संचालक को सचिव रूपा बंदना किरो द्वारा कई दिशा निर्देश दी गई। बाल आश्रय गृह में सचिव रूपा बंदना किरो द्वारा कुल तेईस बच्चे तथा स्पेशल केयर में कुल सात बच्चों से मिली और उनके सुविधाओं से अवगत हुई। वहां सभी बच्चे उत्साहित एवं दुरुस्त पाया गया। ये कार्यक्रम माननीय झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष के निदेशानुसार प्रत्येक माह में ओल्ड एज होम एवं बाल आश्रय गृह का निरीक्षण करने का निर्देश है ताकि इनके सुविधाओं से अवगत किया जा सके। किसी भी प्रकार की असुविधा हो तो उसका निवारण हो सके।मौके पर उपस्थित पीएलवी को वृद्ध महिला,पुरूष को देखने और स्थित जानने हेतु आते जाते रहने का निर्देश दिया गया। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सहायक नंदलाल पाल, जन लोक कल्याण परिषद के सचिव सरोज कुमार झा , कुंदन कुमार, वृद्धजन समेत पैरा लीगल वॉलिंटियर्स उत्पल मंडल एवं नीरज कुमार राउत उपस्थित रहे।

# एसडीओ अशोक कुमार को झारखण्ड हाईकोर्ट से बड़ी राहत

एनपीटी, हजारीबाग के पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार को झारखण्ड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनकी जमानत याचिका मंजूर करते हुए उन्हें जेल से रिहा करने का आदेश दिया है।जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने अशोक कुमार को जमानत दी है। हालांकि कोर्ट ने जमानक के साथ कुछ शर्तें भी लगाई हैं, जिनका पालन करना अशोक कुमार को जरूरी होगा। गौरतलब हो कि अशोक कुमार को इस साल 9 फरवरी को उनकी पत्नी की संदिग्ध मौत के मामले में गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि दिसंबर 2024 में उनकी पत्नी ने आग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना के बाद अशोक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था। वे रांची में पदस्थापित थे और हजारीबाग में एसडीओ के तौर पर कार्य कर चुके हैं।

# ग्रामीणों को टैंकर के माध्यम से उपलब्ध कराया गया पानी



पाकुड़ (झा०खं०), ग्रीष्म ऋतु में भीषण गर्मी में पेयजलापूर्ति के लिए जिला के सभी प्रखण्डों के सभी ग्राम पंचायत में 15 वें वित्त आयोग मद से पानी का टैंकर की खरीदारी की गई है। उपलब्ध टैंकर से आज अमड़ापाड़ा प्रखण्ड अन्तर्गत अलुबेड़ा पंचायतों के कोयोपारा गांव में मुखिया की उपस्थिति में एवं पाकुड़ प्रखण्ड अन्तर्गत कालीदासपुर पंचायत एवं रामचंद्रपुर पंचायत में टैंकर के माध्यम से जरूरतमंद को पीने का पानी उपलब्ध कराया गया। जिससे ग्रामीणों में काफी खुशी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया। जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू ने बताया कि उपायुक्त के आदेशानुसार 15 वें वित्त आयोग योजना से जिला प्रखंड के सभी ग्राम पंचायतों में टैंकर उपलब्ध है। किसी भी पंचायत या ग्राम के ग्रामीणों को पेयजलापूर्ति के लिए ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव या मुखिया से सम्पर्क करें, पेयजल उपलब्ध कराई जायगी।

# खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने किया कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों का निरीक्षण

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी धनेश्वर हेम्ब्रम द्वारा मंगलवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पाकुड़ एवं हिरणपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की व्यवस्था, साफ-सफाई, छात्राओं के रहन-सहन और भोजन की गुणवत्ता की जांच तथा आवासीय विद्यालयों में आपूर्ति किये जा रहे खाद्य सामग्री का नमूना संग्रह किया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने उपस्थित शिक्षकगण एवं विद्यालय द्वारा नियुक्त खाद्य मंत्री को खाद्य सामग्रियों को खरीदते समय पैकेट पर मैन्युफैक्करिंग तिथि, यूज्ड बाय/ एक्सपायरी तिथि, फूड लाइसेंस नंबर पर ध्यान देने को कहा गया। फूड कलर तथा फोर्टिफाइड फुड के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही किचन एवं डाइनिंग परिसर के साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। किचन में कार्य कर रहे लोगों का फिटनेस सर्टिफिकेट रखने को कहा गया। भोजन के मैनुअल के बारे में पूछताछ करने पर उपस्थित शिक्षिका के द्वारा बताया गया कि विद्यार्थियों को निर्धारित मेनू के अनुरुप ही खाना खिलाया जाता है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, ने ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का किया मासिक निरीक्षण

जामताड़ा-जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, जामताड़ा कुमुद सहाय ने समाहरणालय परिसर अवस्थित ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था आदि की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार प्रत्येक माह (बाहर) एवं त्रि- मासिक




(अंदर) वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है, एवं जांच प्रतिवेदन मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को भेजा जाता है।

इस मौके पर अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी सत्यप्रकाश, सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कोटालपोखर में छापेमारी दिखावा या कारवाई?

, साहिबगंज जिले के कोटालपोखर थाना क्षेत्र में 25 अप्रैल 2025 को बरहरवा सीओ और डीटीओ साहिबगंज ने अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ छापेमारी की। इस दौरान 20-25 ओवरलोड गाड़ियों को देखा गया, लेकिन प्रशासन ने मात्र एक गाड़ी को ही थाना को सुपुर्द किया। क्या यह कार्रवाई सिर्फ दिखावा थी? क्या जिला अधिकारी का उद्देश्य सिर्फ खानापूर्ति करना था? सीसीटीवी फुटेज में 25 गाड़ियां ओवरलोड दिख रही हैं, लेकिन कार्रवाई सिर्फ एक गाड़ी पर क्यों? कहीं यह कार्रवाई सिर्फ औपचारिकता तो नहीं थी? क्या प्रशासन के पास पर्याप्त संसाधन नहीं हैं या फिर उनकी प्राथमिकता कुछ और है? जिम्मेदार अधिकारियों की इस तरह की हरकत से प्रशासन पर से विश्वास उठना लाजिमी है। आम




जनता को लगता है कि प्रशासन सिर्फ दिखावा कर रहा है, वास्तविक कार्रवाई नहीं कर रहा है। इससे क्षेत्र में अवैध खनन और ओवरलोडिंग की समस्या और भी बढ़ सकती है, जिससे स्थानीय लोगों का जीवन प्रभावित हो सकता है। क्या जिला अधिकारी पर किसी तरह का दबाव है? या फिर कोई और वजह है जिसकी वजह से कार्रवाई नहीं की गई? क्या प्रशासन के पास पर्याप्त संसाधन नहीं हैं या फिर उनकी प्राथमिकता कुछ और है? इन सवालों का जवाब जानना जरूरी है ताकि आम जनता को प्रशासन की कार्रवाई पर विश्वास हो सके। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इस मामले में आगे क्या कार्रवाई करता है। क्या वे सभी गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे या फिर सिर्फ एक गाड़ी के खिलाफ ही कार्रवाई करेंगे? क्या प्रशासन अपनी कार्रवाई में पारदर्शिता लाएगा और आम जनता के सवालों का जवाब देगा? जनता को इंतजार रहेगा कि प्रशासन अपनी कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर अंकुश लगा पाएगा या नहीं। जनता मांग कर रही है कि प्रशासन अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। जनता चाहती है कि प्रशासन अपनी कार्रवाई में पारदर्शिता लाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन जनता की मांग को कितना गंभीरता से लेता है और क्षेत्र में अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाने के लिए क्या कदम उठाता है।

### पहलगाम आतंकी हमले से आहत नेहा खान धर्म बदलकर बनीं नेहा शर्मा, कहा-

# सनातन धर्म के लिए करूंगी प्रचार-प्रसार



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

साहिबाबाद (गाजियाबाद) नेहा खान ने दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई की है। हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी ने बताया कि दो दिन पहले युवती ने उनसे संपर्क कर धर्म परिवर्तन करने की इच्छा जाहिर की थी। जब वजह पूछी तब युवती ने बताया कि वह पहलगाम में घटना से बहुत आहत हैं।

पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से आहत होकर दिल्ली निवासी युवती नेहा खान ने मंगलवार को हिंदू रक्षा दल से संपर्क कर पूरे विधिविधान और पूजा-पाठ के साथ हिंदू धर्म अपना लिया। अब उनका नया नाम नेहा शर्मा रखा गया है। वहीं नेहा शर्मा ने खुद की इच्छा से धर्म परिवर्तित करने और सनातन धर्म के लिए प्रचार-प्रसार का काम करने की बात कही है।

नेहा खान ने दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई की है। हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी ने बताया कि दो दिन पहले युवती ने उनसे संपर्क कर धर्म परिवर्तन करने की इच्छा जाहिर की थी। जब वजह पूछी तब युवती ने बताया कि वह पहलगाम में घटना से बहुत आहत हैं। आतंकवाद फैलाने वाले लोग हमारे आसपास हैं। इन्हें रोका जाना चाहिए।

मंगलवार को साहिबाबाद थानाक्षेत्र स्थित आर्य समाज मंदिर में पूरे विधि-विधान से मंत्रोच्चारण के साथ नेहा ने हिंदू धर्म स्वीकार कर लिया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी ने बताया कि युवती की पूरी सुरक्षा और रोजगार व्यवस्था कराने की पूरी जिम्मेदारी संगठन की है। वहीं युवती ने बालिग होने की बात कहते हुए अपनी इच्छा से धर्म परिवर्तन की बात कही।

**शिक्षित परिवार से हैं नेहा**

हिंदु रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी ने बताया कि नेहा दिल्ली के एक शिक्षित परिवार से संबंध रखती हैं। नेहा के पिता डीआरटीओ से सेवा निवृत्त हैं। करीब एक वर्ष पहले नेहा की शादी परिवार वालों ने कर दी थी, लेकिन तीन माह बाद ही नेहा का तलाक हो गया था। तब से नेहा अपने मायके में रह रही हैं।

# नोएडा में अवैध नशे की गतिविधियों पर लगेगी रोक

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

नोएडा - जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में अवैध नशे की गतिविधियों पर नियंत्रण और युवा पीढ़ी को नशे के प्रति जागरूक बनाने के लिए नार्को कोर्डिनेशन सेंटर के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। इस बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट के सभागार में किया गया था जिसमें जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने नशीले पदार्थों पर नियंत्रण लगाने की अब तक की कार्यवाही का विस्तृत विवरण दिया।




इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा, ₹आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती युवाओं को नशे से बचाना है।₹ वर्मा ने सभी संस्थाओं, सोसाइटीज और स्वयंसेवी संगठनों से अपील की कि वे नशे के खिलाफ व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करें और युवाओं को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों के स्त्रोतों पर रोकथाम लगाने के लिए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता है। डीएम मनीष वर्मा ने कहा कि छात्रावासों और पीजी में औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वहां पर कोई भी नशे की गतिविधियां न हों। उन्होंने जिला के सभी स्कूलों और कॉलेजों से अपील की है कि वे नशा मुक्त कैंपस के लिए शपथ पत्र दें और उन्हें सम्मानित किया जाए। जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने कहा कि जिला के सभी कॉलेजों और स्कूलों में टोल फ्री नंबर को सकुर्लेट किया जाना चाहिए ताकि अवैध नशे की जानकारी दी जा सके। उन्होंने जोर दिया कि जानकारी देने वाले की पहचान की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इस बैठक में जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार, तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की डा. श्वेता खुराना, पुलिस और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## जान बचाने की जद्दोजहद: आदित्य टावर में खिड़की से कूदे लोग

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद । गाजियादाबाद में आदित्य बिल्डिंग के छठे व सातवें फ्लोर के पैनल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिसके बाद चारों तरफ अफरातफरी मच गई। घटना के समय बिल्डिंग में करीब 100 लोग थे। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने अंदर फंसे कई लोगों को खिड़की के रास्ते सीढ़ी लगाकर बाहर निकाला।आरडीसी स्थित आदित्य बिल्डिंग के छठे व सातवें फ्लोर के पैनल में सोमवार करीब तीन बजे शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। इसके बाद धुंआ तीसरे से सातवें फ्लोर तक फैल गया। पॉश इलाके में आग की घटना पर चारों तरफ अफरातफरी मच गई। घटना के समय बिल्डिंग में करीब 100 लोग मौजूद थे। इनमें धुएं के गुबार से सात लोगों की दम घुटने से हालत बिगड़ गई, जिन्हें रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया।

मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने अंदर फंसे कई लोगों को खिड़की के रास्ते सीढ़ी लगाकर बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि, अधिकांश लोग सीढ़ी के रास्ते से बाहर निकले। दो घंटे की मशक्कत के बाद करीब पांच बजे दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। जिला मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि बिल्डिंग की फायर एनओसी नहीं है, दो साल से मुकदमा चल रहा है। आग बुझाने के लिए पर्याप्त इंतजाम भी नहीं पाए गए।

## धूमधाम से निकली गयी भगवान जगन्नाथ जी का नगर भ्रमण की शोभा यात्रा

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। स्वामी श्री जगन्नाथ मंदिर (मठ गद्दी तुलसीदास दास जी महाराज से सम्बंद्ध ) मे श्री राधा संकीर्तन मंडल ट्रस्ट रजि. बरेली द्वारा कराये जा रहे देवस्थापना एवं सप्त दिवसीय संकीर्तन महोत्सव के द्वितीय दिवस पर भगवान जगन्नाथ जी , बलभद्र जी बहन सुभद्रा जी का प्रातः काल मे स्नान महाभिषेक विधि विधान से कराया गया। तुलसी मठ के महंत नीरज नयन दास जी एवं कैंट विधायक संजीव अग्रवाल जी ने आरम्भ किया।




दोपहर मे भगवान जगन्नाथ जी, बलभद्र जी, बहन सुभद्रा जी की नगर भृमण की शोभायात्रा निकली गयी। जिसे उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ अरुण कुमार सक्सेना जी ने आरती करके शुभारंभ किया। शोभा यात्रा श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर से प्रारंभ होकर आयुर्वैदिक कॉलेज, फर्नीचर मार्केट सिकलापुर,नगर निगम होते हुए मंदिर पर ही विश्राम हुआ।

भव्य शोभा यात्रा का जगह-जगह नाथनगरी वासियों ने पुष्प वर्षा एवं भगवान जगन्नाथ जी की आरती करके स्वागत किया। शोभायात्रा में श्री राधा संकीर्तन मंडल के सदस्यों का संकीर्तन मंडल की विशेष रूप से एक झांकी रही, जिसमें राजू गुलाटी विवेक अग्रवाल, शिव चावला, दिनेश शर्मा,पंकज अग्रवाल,अनुज अग्रवाल ने अपने भजनों से सभी को झुमा दिया। शोभायात्रा जिन जिन मार्गो से निकली ऐसा लग रहा था जैसे की जगन्नाथ पुरी में ही शोभायात्रा निकल रही हो। मंडल के महामंत्री अनुज अग्रवाल ने बताया की भगवान जगन्नाथ जी बहन सुभद्रा जी, भगवान बलभद्र जी का यह विग्रह भगवान जगन्नाथ पुरी से ही बरेली आया है।

नाथबनगरी बरेली वासीयो के लिए यह बहुत सौभाग्य की बात है कि भगवान जगन्नाथ अब सभी को सिकलापुर के स्वामी जगन्नाथ मंदिर में दर्शन देंगे।

कार्यक्रम मे अध्यक्ष हरीश चंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश गर्गया,विकास अग्रवाल मीडिया प्रभारी रिशुल अग्रवाल, क्षेत्रीय पार्षद जयप्रकाश राजपूत,अनूप अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, विक्रम कपूर, अतुल अग्रवाल, उमेश, सुरेश चंद्र मिन्ना, एवं भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

सुबह जगन्नाथ जी पूर्ण आहुति एवं उसके उपरांत दोपहर 12:00 से भव्य भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

# वक्फ बिल को लेकर भाजपा द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बासित अली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने युवा मोर्चा महिला मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी को साथ लेकर वक्फ बोर्ड कानून सुधार को लेकर जनता के बीच जा रही है और जनता को अब तक हुए नुकसान और वह आगे होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दे रही है उसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी मुसलमानों के बीच जाकर बल्कि यह कहे कि गरीब मुसलमान के बीच जाकर वक्फ बोर्ड सुधार जनजागरण अभियान चला रही है

वक्फ बिल आने के बाद कांग्रेस और सपा में बेचैनी का माहौल है इन्होंने गरीब का हक मारा हुआ है गरीबों के हक को भाजपा उन गरीबों तक पहुंचाने का कार्य कर रही है सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार पूर्व में किस तरह से वक्फ संपत्ति में घोटाले किए गए गरीबों का हक मारा गया बिल आने से कांग्रेस और सपा घबराई हुई है क्योंकि इनकी



वक्फ की लूट बंद हो रही है कुछ लोग वक्फ की कमाई को खा रहे थे और गरीबों का हक मार रहे थे वक्फ की जमीनों पर इन्होंने कब्जा करके घोटाले किए बेच कर खाया सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार 2006 में 4 लाख 50 हजार संपत्ति थी जिनकी आय 163 करोड़ थी 2013 में 8 लाख 72 हजार हुई और कमाई हुई 166 करोड़ इतने समय बाद भी कोई खास कमाई नहीं हुई जबकि सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार बताती है कि 100 अरब से ऊपर कमाई हो सकती थी लेकिन यह लोग बंदर बात करके खुद खा रहे थे गरीबों के हिस्से को खा रहे थे भाजपा सरकार पूरी कमाई का हिसाब रखकर इस कमाई से गरीबों भला करेगी इस कमाई से गरीबों की सुविधा के लिए शिक्षा स्वास्थ्य की व्यवस्था करेगी मकान देगी अस्पतालों की व्यवस्था की जाएगी सामुदायिक केंद्र बनाए जाएंगे रोजगार के अवसर मिलेंगे आदि सुविधाएं देने का कार्य करेगी ।

प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली,जिला अध्यक्ष आकाश पाल, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी निमित जयसवाल,महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक नवदीप टंडन सह संयोजक अजय वर्मा,अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष नसीम खान, अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर अध्यक्ष अजीम पाशा सुमित चौहान आदि शामिल रहे।

## शुरू हुई जयपुर की फ्लाइट 88 लोगों ने भरी उड़ान

साहिबाबाद। हिंडन एयरपोर्ट से सोमवार को जयपुर के लिए सीधी उड़ान शुरू हो गई। राजस्थान के किशनगढ़ के लिए पहले से उड़ान है। पहले दिन हिंडन से 88 यात्रियों ने जयपुर के लिए उड़ान भरी। वहां से कुल 165 यात्री हिंडन एयरपोर्ट पर उतरे। अब एक मई से पटना व वाराणसी की उड़ान भी शुरू की जाएगी।

एयर इंडिया एक्सप्रेस का 180 सीटर विमान ने हिंडन एयरपोर्ट से सुबह साढ़े सात बजे जयपुर के लिए उड़ान भरी जो 8:40 पर जयपुर उतरी। इसी विमान ने जयपुर से सुबह 9:25 पर उड़ान भरी और सुबह 10:35 बजे हिंडन एयरपोर्ट पहुंची। सोमवार को जयपुर हिंडन से जुड़ने वाला 13वां शहर बन गया। हालांकि बीच में शुरू हुई जम्मू की उड़ान फिलहाल करीब तीन सप्ताह से रद्द चल रही है। हिंडन से जयपुर के बीच सोमवार, मंगलवार, बुधवार और बृहस्पतिवार को विमान उड़ान भरेगा। जयपुर के लिए विमान टिकट की शुरूआती कीमत करीब 2100 रुपये है। सोमवार को उड़ान की शुरूआत के बाद 29 व 30 अप्रैल को जयपुर की उड़ान नहीं मिलेगी। सांसद अतुल गर्ग ने बताया कि एक मई से जयपुर की उड़ान नियमित होने के साथ ही पटना एवं वाराणसी की उड़ान भी शुरू होगी।

# रासी ग्लोबल स्कूल में वरलड डांस डे पर एक कत्थक सेमिनार का आयोजन

**एनपीटी ब्यूरो**

मैनपुरी। नगर के सिंधिया तिराहे स्थित प्रतिष्ठित स्कूल रासी ग्लोबल स्कूल में आज वरलड डांस डे के अवसर पर एक कत्थक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें दिल्ली से आए कत्थक डांसर आकाश द्विवेदी ने बच्चों को शास्त्रीय संगीत के बारे में बताया ।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर राजीव कमल मिश्रा के द्वारा सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया । इस अवसर पर आकाश द्विवेदी और उनके पिताजी भी उपस्थित रहे। आकाश ने कत्थक से जुड़े हुए छोटे-छोटे नियमों को और उसकी मुद्राओं के बारे में भी बच्चों को बताया कि किस मुद्रा का क्या मतलब होता है। उन्होंने बच्चों को कत्थक में मोर का सिंबल, सांप का सिंबल, चांद का



,चक्र का, मुरलीधर का और कृष्ण भगवान की कालिया सांप के साथ हुई क्रीड़ा का प्रस्तुतीकरण भी अपने नृत्य के माध्यम से करके दिखाया। कार्यक्रम में सभी बालिकाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रधानाचार्य डा०रिचा मिश्रा ने आकाश द्विवेदी को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम में ज्योति, दीपा सिसोदिया, राधिका और प्रीति आदि शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा।

दून इंटरनेशनल स्कूल में वंशिका यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । मैनपुरी- जनपद के समस्त विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की कंपटीशन प्रतियोगिता में कक्षा 2 में वंशिका यादव ने अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया दून इंटरनेशनल स्कूल विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य शिक्षकों शिक्षकों वंशिका यादव को बधाई एवं शुभकामनाए दी।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

# उर्से ताजुश्शरिया को लेकर व्यवस्थाओं व तैयारियों के सम्बंध में बैठक

## साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण परिवेश में आयोजित हो उर्स, समस्त संबंधित विभाग समय से व्यवस्थाओं को करें पूर्ण

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली । जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज उर्से ताजुश्शरिया को साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण परिवेश में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में आयोजकों द्वारा अवगत कराया गया कि 04 व 05 मई को उर्से ताजुश्शरिया आयोजित होगा, जिसमें लगभग 10 से 12 लाख जायरीनों के आने की उम्मीद है।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उर्स की समस्त व्यवस्थाओं और बेहतर आयोजन के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी समय से लगा दी जाए तथा मौके पर जाकर फुल ड्रेस रिहर्सल भी कर ली जाए। समस्त अधिकारी अपने विभाग से सम्बंधित तैयारियां समय से कर लें। उर्स का आयोजन साम्प्रदायिक सौहार्द व सामाजिक समरसता पूर्ण वातावरण में किया




जाए। रेलवे स्टेशन व बस स्टैण्ड से आने वाले जायरिनों को आयोजन स्थल तक जाने का रूट मैप क्या होगा।

बैठक में अग्निशमन की व्यवस्था, पुलिस व्यवस्था, स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था तथा मिनी बाईपास से झुमका तिराहे तक ट्रैफिक/पार्किंग व्यवस्था आदि के सम्बंध में चर्चा की गयी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर ने आयोजकों से वालंटियर व आयोजकों की सूची तथा आयोजन का लेआउट उपलब्ध कराने हेतु कहा, जिससे तदनुरूप पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगायी जा सके व अन्य व्यवस्थाएं करायी जा सकें।

बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 विश्राम सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, उप जिलाधिकारी सदर सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।